


राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ




वर्ष 06, अंक 318 | पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये | रायपुर, गुरूवार 30 जनवरी 2025 | www.samaydarshan.in

प्रशासन ने तुरंत बचाव अभियान चलाया और एंबुलेंस के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाया और 90 घायलों को अस्पताल पहुंचाया

## महाकुंभ मेले में भगदड़ से 30 की मौत, 60 घायल



### पीड़ित परिवारों को 25 लाख की मदद का ऐलान

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** महाकुंभ मेले में बुधवार तड़के संगम नोज पर मची भगदड़ की वजह से अब तक तीस लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। हादसे पर बुधवार शाम मीडिया से बात करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ भावुक हो गए। उन्होंने बताया कि उपचार के बाद बहुत सारे लोग अपने परिजनों के साथ घर जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि बहुत ज्यादा प्रेशर प्रयागराज में होने के कारण मार्ग चोक थे। प्रशासन उन्हें खुलवाने में लगा रहा।

सीएम योगी ने बताया कि सरकार ने घटना के न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने बताया कि जस्टिस हर्ष कुमार के नेतृत्व में तीन सदस्यीय न्यायिक जांच कमेटी इस मामले को देखेगी। कमेटी में जस्टिस हर्ष कुमार के अलावा पूर्व डीजी वीके गुप्ता और रिटायर्ड द्बस् वीके सिंह को शामिल किया गया है। सीएम योगी ने कहा कि पुलिस भी इस हादसे की जांच करेगी। सीएम योगी की तरफ से पीड़ित परिवारों को 25 लाख रुपये की मदद का ऐलान किया गया है।

इससे पहले महाकुंभ मेले के ष्ठद्बत्र वैभव कृष्ण ने बताया कि महाकुंभ में रात 1 से 2 बजे के बीच हुई भगदड़ में 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। इनमें से 25 की पहचान की जा चुकी है। डीआइजी महाकुंभ वैभव कृष्ण ने बताया कि हादसे के बाद 90 लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया।

महाकुंभ मेले में कैसे मची भगदड़? ङ्क डीआइजी कुंभ मेला वैभव कृष्ण ने बताया कि मौनी अमावस्या स्नान के समय ब्रह्म मुहूर्त से पहले रात 1 से 2 बजे के बीच अखाड़े के रास्ते पर भारी भीड़ जमा हो गई, जिसकी वजह से दूसरी तरफ के बैरिकेड टूट गए। इस तरफ की भीड़ दूसरी तरफ चली गई और ब्रह्म मुहूर्त का इंतजार कर रहे श्रद्धालुओं को कुचलने लगीज् प्रशासन ने तुरंत बचाव अभियान चलाया और एंबुलेंस के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाया और 90 घायलों को अस्पताल पहुंचाया। दुर्भाग्य से, उनमें से 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि इनमें से 25 की पहचान हो चुकी है, जबकि पांच की पहचान होनी बाकी है। इनमें से कुछ दूसरे राज्यों से भी हैंज् चार कर्नाटक से, एक असम से, एक गुजरात सेज् कुछ घायल श्रद्धालुओं को उनके रिश्तेदार ले गए हैं। 36 घायलों का स्थानीय मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेला प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर 1920 जारी किया है। यहां पढ़िए विस्तृत खबर

### बीजेपी ने जताया दुख, कांग्रेस हमलावर

महाकुंभ मेले में हुए इस हादसे पर पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने प्रयागराज कुंभ मेले में हुई भगदड़ की घटना पर दुख जताया है। कांग्रेस पार्टी के यूपी अध्यक्ष अजय राय ने भगदड़ की घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि महाकुंभ को पूरी तरह से इवेंट बना दिया। सनातन का हमारा महापर्व पूरी तरह ध्वस्त हो गया। सरकार पूरी तरह से विफल साबित हुई। उत्तर प्रदेश सूचना विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, शाम पांच बजे तक कुंभ में करीब 5.71 करोड़ लोग डुबकी लगा चुके हैं। कुंभ मेला शुरू होने के बाद के अगर आंकड़ों की बात की जाए तो यह संख्या 19.94 से ज्यादा है।



### सभी स्पेशल ट्रेनें रद्द; सीएम योगी ने श्रद्धालुओं से की अपील

भगदड़ मचने के बाद रेलवे ने बड़ा फैसला किया है। रेलवे ने महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों को फिलहाल अगले आदेशों तक रद्द कर दिया है। इसके अलावा जिन ट्रेनों को प्रयागराज आना था, उन्हें पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्टेशन पर रोक दिया गया है। कुछ ट्रेनों के रूटों को डायवर्ट कर दिया गया है। वहीं, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी श्रद्धालुओं से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी पोस्ट में कहा गया, श्रद्धालुओं से अपील है कि ङ्क मां गंगा के जिस घाट के समीप हैं, वहीं स्नान करें, संगम नोज की ओर जाने का प्रयास न करें। प्रशासन के निर्देशों का अनुपालन करें, व्यवस्था बनाने में सहयोग करें। किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से फोन पर बात कर घटना की जानकारी ली थी। प्रधानमंत्री प्रयागराज में मची भगदड़ पर करीब से नजर बनाए हुए हैं। उधर, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस भगदड़ के संबंध में बात की।

## अयोध्या में रामलला दर्शन के लिए उमड़ रही भारी भीड़, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**अयोध्या ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में रामलला दर्शन के लिए भक्त बड़ी संख्या में आ रहे हैं। इसे देखते हुए मंदिर के आसपास सुरक्षा-व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। श्री राम जन्मभूमि के एसपी (सुरक्षा) बलरामाचारी दुबे ने बताया कि महाकुंभ के चलते अयोध्या में दर्शन करने वालों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। उसको देखते हुए काफी अधिक संख्या में फोर्स लगाई गई है। उन्होंने बताया कि सारे प्रशासनिक अधिकारी भ्रमणशील हैं। परिसर में अच्छे से बैरिकेडिंग की गई है। दर्शनार्थियों को कतारबद्ध चलने को कहा जा रहा है। पीएफसी में उनके सामान जमा करते हैं, फिर दर्शन कराया जा रहा है। प्रवेश और निकास मार्ग अलग-अलग बने हैं जिससे भीड़ एकत्रित न हो। जो भी सावधानी हो उसे बरत रहे हैं। जितने भी श्रद्धालु आ रहे हैं उन्हें दर्शन करा सकें। गौरतलब है कि अयोध्या के राम मंदिर में रविवार को अनुमान से अधिक संख्या में भक्त पहुंचे, जिस वजह से निकासी मार्ग को बदलना पड़ा। वहीं, अयोध्या की प्रमुख सड़कों पर लोगों को भीषण जाम का सामना करना पड़ा। इसे देखते हुए ट्रस्ट को अपील करनी पड़ी। प्रयागराज में महाकुंभ के प्रारंभ होने के साथ ही अयोध्या में उमड़ी लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए श्री राम मंदिर ट्रस्ट ने आस-पड़ोस के जिलों में रहने वाले लोगों से 15-20 दिन बाद आकर दर्शन करने की अपील की है।

## नाजायज औलाद हूं... बाप से गुजारा भत्ता चाहिए मीलॉर्ड; सुप्रीमकोर्ट ने सुनाया फैसला

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने दो दशक पुरानी एक मामले में अहम फैसला सुनाया है। इस मामले में 23 साल युवक ने दावा किया कि उसकी पैदाइश मां के विवाहेतर संबंध का नतीजा है। उसने अदालात से अपने असली पिता की पहचान के लिए डीएनए टेस्ट की मांग की थी। युवक ने कहा कि वह गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहा है और कई सर्जरी करा चुका है। आर्थिक मदद के लिए उसने अपने जैविक पिता से गुजारा भत्ते की मांग की थी। हालांकि, युवक की याचिका को सुप्रिम कोर्ट ने खारिज कर जिया।



रिपोर्ट के मुताबिक, युवक की मां ने 1989 में शादी की थी और 1991 में एक बेटी को जन्म दिया। युवक का जन्म 2001 में हुआ और 2003 में मां ने अपने पति से अलग होने का फैसला लिया। 2006 में उन्हें तलाक मिला। इसके बाद, महिला ने कोच्चि म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन से अपने बेटे के जन्म प्रमाण पत्र में पिता का नाम बदलने की मांग की, लेकिन अधिकारियों ने अदालत का आदेश मांगा। 2007 में एक स्थानीय अदालत ने कथित जैविक पिता को डीएनए टेस्ट कराने का निर्देश दिया। लेकिन उन्होंने हाई कोर्ट में इसे चुनौती दी। 2008 में हाई कोर्ट ने आदेश को पलटते हुए कहा कि डीएनए टेस्ट तभी किया जा सकता है जब यह साबित हो कि बच्चे के जन्म के वक्त पति-पत्नी के बीच कोई संपर्क नहीं था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इंडियन एविडेंस एक्ट 1872 की धारा 112 के तहत वैध विवाह के दौरान या विवाह समाप्त होने के 280 दिन के भीतर जन्मा बच्चा पति का वैध संतान माना जाता है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि भले ही युवक की मां का विवाहेतर संबंध रहा हो, लेकिन यह साबित नहीं होता कि पति-पत्नी के बीच संपर्क नहीं था। कोर्ट ने कहा कि 'समानांतर संपर्क' यह साबित नहीं करता कि पति-पत्नी का संपर्क टूट गया था।

अदालत ने कहा कि डीएनए टेस्ट कराना किसी व्यक्ति की निजता का उल्लंघन कर सकता है और उसकी सामाजिक और पेशेवर प्रतिष्ठा पर गहरा असर डाल सकता है। कोर्ट ने इस बात पर भी जोर दिया कि ऐसी स्थिति में महिलाओं की गरिमा और निजता की भी रक्षा की जानी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि इस मामले को अब समाप्त किया जाना चाहिए। युवक के जैविक पिता होने के दावे को खारिज कर दिया गया।

यमुना में बढ़ी अमोनिया पर घमासान

## हरियाणा के सीएम ने नदी का पानी पिया, बोले- जांच में भी कोई जहर नहीं मिला

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** यमुना में बढ़े अमोनिया को लेकर मचे सियासी घमासान के बीच हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को दिल्ली से सटे पल्ला गांव में यमुना नदी से पानी को पिया। इस दौरान सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि अपने राजनीतिक फायदे के लिए लोगों के मन में डर पैदा करने के लिए अरविंद केजरीवाल ने विवादित बयान दिया। आज मैं यहां यमुना नदी के तट पर आया हूं और यमुना से पानी का एक घूंट पिया है। जल संसाधन प्राधिकरण ने यहां से नमूने लिए और पानी में कोई जहर नहीं मिला।



आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा की भाजपा सरकार पर यमुना में जहर मिलाने का दावा किया था। आप का कहना है कि हरियाणा से आने वाले पानी में अमोनिया की मात्रा बहुत अधिक होने से दिल्ली के तीन जल आपूर्ति संयंत्र बंद होने के कगार पर पहुंच गए हैं और राष्ट्रीय राजधानी में जल संकट शुरू हो गया है। वहीं, केजरीवाल के आरोपों पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व हरियाणा भाजपा ने पलटवार किया था।

### यमुना में जहर पर जल बोर्ड ने दिया स्पष्टीकरण

दिल्ली जल बोर्ड ने यमुना नदी के जल में जहरीले पदार्थों की मिलावट को लेकर स्पष्टीकरण दिया है। जल बोर्ड का दावा है कि सर्दियों के मौसम अक्तूबर से फरवरी तक यमुना नदी में अमोनिया का स्तर स्वाभाविक रूप से बढ़ता है। जलशोधन संयंत्रों को पार्ट्स पर मिलियन (पीपीएम) तक अमोनिया का शोधन करने के लिए डिजाइन किया गया है।

## इसरो की ऐतिहासिक उड़ान, लॉन्च किया एनवीएस-02; भारत का नेविगेशन सिस्टम होगा सटीक

आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से प्रक्षेपण यान जीएसएलवी-एफ15 के जरिए 100वां मिशन

**श्रीहरिकोटा ( एजेंसी )।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने इतिहास रच दिया है। इसरो ने बुधवार सुबह आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से प्रक्षेपण यान जीएसएलवी-एफ15 के जरिए अपना 100वां मिशन, एनवीएस-02 नेविगेशन सैटेलाइट लॉन्च किया है। दरअसल, जीएसएलवी-एफ15 रॉकेट ने सुबह 6ः23 बजे उड़ान भरी, जिसमें एनवीएस-02 नेविगेशन सैटेलाइट अंतरिक्ष में पहुंचाया गया। यह लॉन्च इसरो की एक बड़ी उपलब्धि है, जो देश की अंतरिक्ष अनुसंधान क्षमताओं को दर्शाती है।

इसरो ने इस महत्वपूर्ण लॉन्च के बारे में एक्स के जरिए जानकारी दी। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, जीएसएलवी-एफ15 ने सफलतापूर्वक उड़ान भरी है, एनवीएस-02 को उसकी निर्धारित कक्षा में ले गया है। इसरो ने एक अन्य पोस्ट में लिखा, मिशन सफल! जीएसएलवी-एफ15/ एनवीएस-02 मिशन सफलतापूर्वक पूर्ण हो गया है। भारत अंतरिक्ष नेविगेशन में नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया है।



इसरो चेयरमैन वी. नारायणन ने कहा, आज हमने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। इस महीने की 16 तारीख को हमने डॉकिंग सिस्टम की उपलब्धि हासिल की थी। इसरो की 100वीं लॉन्चिंग, टीम इसरो की कड़ी मेहनत और टीम वर्क से सफलतापूर्वक हासिल की गई है। इस साल हमें कई प्रोजेक्ट्स के लिए मंजूरी मिली है। संभवतः चंद्रयान 3, 4 और कई अन्य मंजूरियां मिल चुकी हैं। इस साल कई मिशन की तैयारी है। मेरी प्राथमिकता नई मंजूरी वाली परियोजनाओं को गति देना है। जो भी प्रोजेक्ट में देरी हो रही है, मैं उन्हें पूरा करूंगा।

जीएसएलवी-एफ15, जीएसएलवी रॉकेट की 17वीं उड़ान है। यह स्वदेशी क्रायोजेनिक चरण वाली 11वीं उड़ान भी है। एनवीएस-02 उपग्रह भारतीय नेविगेशन प्रणाली का हिस्सा है। यह दूसरी पीढ़ी का उपग्रह है, जो नेविगेशन के लिए काम करेगा। नेविगेशन उपग्रह प्रणाली को भारत में उपयोगकर्ताओं और भारतीय भूमि से लगभग 1500 किमी दूर तक सटीक स्थिति, वेग और समय सेवा देने के लिए डिजाइन किया गया है।

राजभवन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 6 राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेश का स्थापना दिवस

## 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम से देश की अखंडता मजबूत-राज्यपाल डेका

**रायपुर ( समय दर्शन )।** राज्यपाल रमेन डेका की अध्यक्षता में राजभवन में आज यहां 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के तहत आंध्रप्रदेश, केरल, उत्तरप्रदेश, मणिपुर, मेघालय, त्रिपुरा राज्य एवं दादर एवं नगर हवेली व दमन द्वीव का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर इन राज्यों के लोक नृत्यों की प्रस्तुति भी की गई है। साथ ही छत्तीसगढ़ के पंडवानी गायन और सूफी गायन की प्रस्तुति भी दी गई।

राज्यपाल श्री डेका ने इस अवसर पर कहा कि यह कार्यक्रम, भारत में विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में रहने वाले विविध संस्कृतियों के लोगों के बीच आपसी समझ को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की पहल पर शुरू किया गया है। इसके तहत विभिन्न राज्यों की भाषा, संस्कृति, परंपराओं और प्रथाओं के ज्ञान का आपस में आदान-प्रदान होता है। जिससे भारत की एकता और अखंडता मजबूत होती है।



राज्यपाल श्री डेका ने इस अवसर पर सभी राज्यों की विशेषताओं को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि उत्तरप्रदेश, भारत के सबसे बड़े राज्यों में से एक है। यह भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण की जन्मभूमि है। यह हिन्दुओं की प्राचीन सभ्यता का उद्गम स्थल है। भगवान बुद्ध ने अपना पहला उपदेश सारनाथ में दिया और बौद्ध धर्म की नींव रखी। अभी प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है। यह विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन है। महाकुंभ के दौरान करोड़ों श्रद्धालु, साधु-संत और विद्वान एकत्रित होते हैं। यह आयोजन वेदों और पुराणों में वर्णित पवित्रता और मोक्ष का प्रतीक है। उत्तरप्रदेश, की सांस्कृतिक धरोहर, इस राज्य को एक सशक्त राज्य बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देती है। महाकुंभ जैसे आयोजनों की सफलता यह दर्शाती है कि उत्तरप्रदेश न केवल भारत की आस्था का केंद्र है बल्कि विश्व के मानचित्र पर अपनी अलग पहचान बना रहा है।

### चाईबासा : सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में महिला सहित दो नक्सली ढेर

**चाईबासा।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के सोनुआ थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह पुलिस एवं सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो माओवादी नक्सली मारे गए हैं। इनमें एक महिला भी शामिल है। मुठभेड़ के बाद सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों के कुछ हथियार और सामान बरामद किए गए हैं। चाईबासा के एसपी आशुतोष शेखर ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि की है। इसके बाद पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी रखा गया है। मारे गए नक्सलियों की पहचान फिलहाल पुलिस ने आधिकारिक तौर पर उजागर नहीं की है, लेकिन इनमें से एक भाकपा माओवादी नक्सली संगठन का जोनल कमांडर संजय गंझू बताया जा रहा है।

## गर्भवती महिला के पेट में बच्चे के पेट में बच्चा... सोनोग्राफी देख डॉक्टर हुए हैरान

**महाराष्ट्र ( एजेंसी )।** बुलढाना के सरकारी अस्पताल में एक गर्भवती महिला की सोनोग्राफी चर्चा में है। डॉक्टर ने सोनोग्राफी को देखा तो तो वह भी चौंक गए, क्योंकि गर्भवती के पेट में बच्चा तो दिखाई दे रहा था। साथ ही इस बच्चे के पेट में भी एक बच्चा दिखाई दे रहा था।

दो दिन पहले जिले के मोताला तहसील के एक गांव से 9 माह की गर्भवती महिला (32 साल) सरकारी महिला रुग्णालय पहुंची। वहां डॉक्टर प्रसाद अग्रवाल ने गर्भवती की सोनोग्राफी की। सोनोग्राफी करते समय उन्हें महिला के पेट में बच्चा तो दिखाई दिया, साथ ही उसी बच्चे के पेट कुछ और भी दिखाई दिया। डॉक्टर अग्रवाल ने और तीन बार महिला की सोनोग्राफी की तो उन्हें दिखाई दिया कि जो पेट में बच्चा है, उसके पेट में भी एक बच्चा है। डॉक्टर अग्रवाल ने यह बात अपने वरिष्ठों को बताई। वरिष्ठों ने गर्भवती महिला को डिलीवरी और किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हो, इसलिए संभाजीनगर भेज दिया।

महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रसाद अग्रवाल से पूछा गया कि महिला और पेट में पल रहे बच्चे को कोई नुकसान की आशंका हो सकती है क्या? इस पर डॉक्टर ने कहा कि महिला को तो कोई प्रॉब्लम नहीं होगी। लेकिन डिलीवरी के बाद जन्मे बच्चे का जल्द उपचार नहीं हुआ तो उसकी ग्रोथ में बाधा आ सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### कलेक्टर एसपी और ऑब्जर्वर ने बिलाईगढ़ क्षेत्र के स्ट्रांग रूम और मतगणना केंद्र का अवलोकन किया



**सारंगढ़ बिलाईगढ़, ( समय दर्शन )**- नगरपालिका और पंचायत आम चुनाव के सामान्य प्रेक्षक ग्रीष्मी चांद, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू और पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा ने बिलाईगढ़ क्षेत्र में स्थित स्ट्रांग रूम और मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने स्वामी आत्मानंद स्कूल सरसीवां, शासकीय स्कूल भटगांव, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पवनी और शहीद वीर नारायण सिंह कालेज बिलाईगढ़ में बेरिकेटिंग, वितरण, निर्वाचन कर्मियों की बैठक व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा, पेयजल, शौचालय, विद्युत आदि व्यवस्था का अवलोकन किया और आवश्यक व्यवस्था के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान ईई लोक निर्माण विभाग पी एल पैकरा, संबंधित सीएमओ उपस्थित थे।

### गणतंत्र दिवस को शारब के नशे मे बेसुध मिले दो शिक्षक

#### गणतंत्र दिवस के दिन शिक्षा विभाग को शर्मशार कर रहे दो शिक्षक




**सारंगढ़ योगेश कुर्रे ( समय दर्शन )**- पूरा देश गणतंत्र दिवस के अवसर पर शान से तिरंगा लाहाराया तो वही सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के वनाचल स्कूल प्राथमिक शाला सहसपानी के दो शिक्षकएल बी रामकुमार सिदार और भूपेंन्द्र सिदार शराब के नशे मे धुत होकर स्कूल पहुचे थे और नशे मे इतने धुत थे की बेसुध हो चुके थे जिसको ग्रामीणों ने देखा तो विडियो शोशल मिडिया के माध्यम से शिक्षा विभाग को भेजा जैसे ही विभाग को जानकारी हुए तत्काल जिला शिक्षा अधिकारी एल पी पटेल ने संज्ञान लेते हुए दोनों कर्मचारी को निलंबित कर दिया और विकास खंड शिक्षा विभाग मे अटैच किया गया है

### पंजीकृत कृषकों से प्राप्त टोकन एवं रकबा समर्पण संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण करें - कलेक्टर

**मुंगेली(समय दर्शन )** कलेक्टर राहुल देव ने बताया कि शासन द्वारा पंजीकृत कृषकों से प्राप्त टोकन एवं रकबा समर्पण संबंधी समस्याओं के निराकरण कर धान क्रय हेतु खाद्य नियंत्रक/खाद्य अधिकारी मॉड्यूल के जरिए एक अतिरिक्त टोकन जारी किया जा सकता है। त्रुटिवश रकबा समर्पण होने पर रकबा को पुनः रिस्टोर कर पात्रतानुसार धान का विक्रय किया जा सकता है। कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि त्रुटिपूर्ण टोकन जारी के होने पर पात्रतानुसार धान विक्रय करने के लिए टोकन में निरस्ती व नया टोकन जारी करने की कार्यवाही किया जाए। उन्होंने कहा कि यह कार्यवाही 25 जनवरी तक प्राप्त एवं लंबित आवेदनों के निराकरण हेतु किया जाए तथा इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर के अनुमोदन पश्चात खाद्य नियंत्रक मॉड्यूल के माध्यम से यह कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।

# देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के सर्वोत्तम हित के लिए कार्य करें - कलेक्टर

#### जिला बाल संरक्षण समिति की बैठक आयोजित



**मुंगेली, (समय दर्शन )** जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में जिला स्तरीय बाल संरक्षण समिति की बैठक आयेजित की गई। बैठक में कलेक्टर राहुल देव ने कहा कि विशेष देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के सर्वोत्तम हित के लिए संबंधित अधिकारी संवेदनशीलता और गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने ऐसे बच्चों के चिन्हांकन एवं हित हेतु जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया। कलेक्टर ने मिशन वात्सल्य, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, दत्तक ग्रहण, फास्टर केयर कार्यक्रम, चाईल्ड हेल्पलाईन आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने नशामुक्ति हेतु जनजागरूकता अभियान चलाने व बाल श्रमिक एवं शाला त्यागी बच्चों की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए।

**जरूरतमंद बच्चों को त्वरित न्याय मिले - पुलिस अधीक्षक-** पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने बैठक में कहा कि जरूरतमंद बच्चों को त्वरित न्याय दिलाना समिति का मुख्य उद्देश्य है। इसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। सभी अधिकारी अपनी भूमिका के अनुरूप गंभीरतापूर्वक कार्य करें। उन्होंने नशामुक्त मुंगेली बनाने के प्रयासों पर जोर दिया। जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय ने ग्रामीण क्षेत्र में देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यता वाले बच्चों की पहचान करने कार्ययोजना बनाने की बात कही। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती संजुला शर्मा ने समिति के कार्य और उद्देश्य और जिला बाल संरक्षण अधिकारी अंजुबाला शुक्ला ने बच्चों को रेस्क्यू कर परिवार में पुनर्वासित करने के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष और सदस्य, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, उप संचालक समाज कल्याण विभाग सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# बरमकेला में 30 जनवरी को होगा खाद्य लाइसेंस शिविर

**सारंगढ़ बिलाईगढ़ ( समय दर्शन )** / कलेक्टर धर्मेश साहू के निर्देशानुसार व उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन व सीएमएचओ डॉ एफआर निराला के मार्गदर्शन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा एफएसएसएआई की खाद्य अनुज्ञप्ति, पंजीयन शिविर का आयोजन 30 जनवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरमकेला मे शिविर निर्धारित है। पंजीयन का कार्य प्रातः 11 बजे से संध्या 4 बजे तक किया जाएगा। शिविर में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 31 के तहत रिपैकर, रीलेबरर, खाद्य परिवहन, थोक व खुदरा विक्रेता, होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, किराना दुकान, मीट शॉप, पान ठेला, गुपचुप ठेला, गन्ना रस, जूस सेंटर, खाद्य बर्फ, पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर , सब्जी, फल विक्रेता व अन्य किसी भी प्रकार के खाद्य कारोबार कर्ता को लाइसेंस, पंजीयन प्रमाण पत्र बनवाना अनिवार्य है। पंजीयन, लाइसेंस के लिए खाद्य कारोबार कर्ता के पासपोर्ट साइज का फोटो, आधार कार्ड, बिजली बिल, किरायानामा, नियम की एनओसी या गुमास्ता दस्तावेज होना अनिवार्य है। पंजीयन हेतु वार्षिक टर्नओवर 12 लाख तक होने पर ?100 पंजीयन शुल्क, 12 लाख से 20 करोड़ तक पर ?2000 है, जबकि उत्पादन कर्ता हेतु क्रमशः ?3000 व ?5000 का शुल्क प्रति वर्ष निर्धारित है। जिला प्रशासन की ओर से सभी खाद्य कारोबार कर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पंजीयन, अनुज्ञप्ति शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

**बिना खाद्य लाइसेंस के व्यापार करने पर होगी सजा-** बिना खाद्य अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) के खाद्य कारोबार करने पर 6 माह का कारावास एवं एक लाख रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान है तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा कड़ी कार्यवाही की जा सकती है।

# ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल बड़े साजापाली में वार्षिकोत्सव संपन्न



**शंकर लहरे/ सरायपाली ( समय दर्शन )।** ज्ञान दीप पब्लिक स्कूल बड़े साजापाली में 27 जनवरी 2025 को वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया मुख्य अतिथि श्रीमती सरला कोसरिया भा.ज.पा उपाध्यक्ष एवं महिला आयोग सदस्य छ.ग. विशिष्ट अतिथि के रूप मे उपस्थित श्रीमति नंदनी पंकज साहू सरपंच बड़े साजापाली, यु.एस पटेल प्राचार्य,डेविड चौधरी भा.ज. पा. मंडल अध्यक्ष, बनवारी जगत सरपंच सलखण्ड, रविन्द्र पांडा, छत्तीसगढ़ मिडिया प्रभारी ज्ञान पब्लिक स्कूल के शिक्षक स्टाप एवं समस्त पालक गण एवं उपस्थित बच्चों को महत्वपूर्ण योगदान रहा

जिसमे बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के डांस का आयोजन रखा गया जिसमे सभी बच्चों द्वारा उत्साह पूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाये

मंच संचालन में मोतीराम साहू गरियाबंद वाले का संचालन सराहनिया रहा, ज्ञान दीप पब्लिक स्कूल के प्राचार्य मोरध्वज साहू, सोमनाथ साहू, मनोहर लाल जायसवाल,ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सबका आभार ज्ञापित किया

# दुर्ग को एक नहीं पहचान दिलाकर स्वच्छ और विकसित बनाएंगे - अलका बाघमार

#### भाजपा प्रत्याशी अलका बाघमार का जनसंपर्क शुरू



**दुर्ग।** भारतीय जनता पार्टी के महापौर पद के प्रत्याशी अलका बाघमार का जनसंपर्क इंदिरा मार्केट के पास स्थित सिद्धिविनायक मंदिर में पूजा अर्चना के पश्चात प्रारंभ हुई इस दौरान प्रमुख रूप से दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव उपस्थित रहे पूजा अर्चना के पश्चात जनसंपर्क कार्यक्रम वार्ड 30 तमेर पारा ,वार्ड से निकलकर आम जनमानस से जनसंपर्क करते हुए आपापुरा वार्ड 31 से होते हूए ब्राह्मण पारा वार्ड नंबर 32,दोपहर 3:00 से शिवपारा वार्ड नंबर 34,वार्ड नंबर 35 बाबा रामदेव वार्ड, गंजपारा वार्ड नंबर 36 में पहुंचकर संपन्न हुई इस दौरान आम जनमानस में कहीं तिलक लगाकर आरती उतार कर और कहीं पर पुष्प गुच्छ भेंट कर उन्हें जीत का आशीर्वाद दिया

इस अवसर पर दुर्ग शहर महापौर विधानसभा प्रत्याशी अल्का बाघमार ने कहा कि महापौर चुनाव लड़ने के लिए भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह तैयार है और दुर्ग शहर की जनता भी कांग्रेस के कुशासन से निकलने को भी बेताब है नगर निगम में पूर्व में पार्षद रह चुकी हूं और मुझे नगर निगम क्षेत्र में काम करने का भी अनुभव प्राप्त है और इस अनुभव का इस्तेमाल में नगर निगम में महापौर के पद पर जीत कर आने के पश्चात करूंगी भारतीय जनता पार्टी दुर्ग शहर में प्रत्येक वार्ड में चुन चुनकर कर्मठ और योग्य ऊर्जावान प्रत्याशियों को उतारा है उन्हें भी आप सभी अपना मत रूपी सुभ आशीष प्रदान करें

श्रीमती बाघमार ने आगे कहा कि जिस मनसा के अनुरूप दुर्ग शहर की जनता ने कांग्रेस पार्टी को पिछले बार नगरी निकाय के चुनाव में दुर्ग में महापौर के साथ-साथ पार्षदों की संख्या दी थी कुछ ही दिनों के पश्चात आम जनमानस की मंशा पर कुठराघात हो गया मेरा एक विजन है मैं दुर्ग शहर को जीत के आने के पश्चात सुंदर सुव्यवस्थित बनाऊंगी और यह सब आप ही के सहयोग से संभव हो पाएगा 7

जनसंपर्क के दौरान मुख्य रूप से पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर, कांतिलाल बोथरा, चैनसुख भट्टड, मनोज सोनी, विनायक ताम्रकार, बानी सोनी ,गायत्री वर्मा, विद्या नामदेव, विनीत ताम्रकार, कुमुद बघेल, सहित वार्डों के प्रत्याशी श्याम शर्मा, हर्षिका संभव जैन ,जितेंद्र महोबिया, कमल देवांगन, कुलेश्वर साहू ,पूनम दीपक यादव उपस्थित रहे 7

# ज्ञानोदय विद्यालय में गणतंत्र दिवस मनाया गया



**जाजगीर समय दर्शन //** ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर में गणतंत्र दिवस का समारोह संस्था के प्राचार्य डॉ.सुरेश यादव के मार्गदर्शन में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया।

समारोह की शुरुआत प्राचार्य डॉ.सुरेश यादव द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के रोहण के साथ किया गया। इसके बाद छात्र - छात्राओं ने राष्ट्रगीत एवं राष्ट्र गान का गायन किया और राष्ट्र भक्ति एवं देश प्रेम से ओत - प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ .सुरेश यादव ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे देश की स्वतंत्रता और लोकतंत्र की जीत का प्रतीक है। हमें अपने देश के प्रति गर्व और समर्पण की भावना को बढ़ावा देना चाहिए। एक विद्यालय के रूप में हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने छात्रों को न केवल अच्छी शिक्षा प्रदान करें बल्कि उन्हें एक अच्छा नागरिक और जिम्मेदार व्यक्ति भी बनाएं। हमें अपने छात्रों को सिखाना चाहिए कि वे अपने देश के प्रति कैसे जिम्मेदारी से काम कर सकते हैं और अपने समाज को कैसे बेहतर बना सकते हैं।आज के दिन मैं आप सभी से अनुरोध करता हूं कि हम अपने देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझें और उनका पालन करें। हमें अपने देश को मजबूत और समृद्ध बनाने के लिए एकजुट होकर काम करना होगा। देश की आन बान और शान के लिए मर मिटने का संकल्प लेना होगा।

गणतंत्र दिवस समारोह में प्राचार्य सहित श्रीमती चंचला मिश्रा , मूलचंद साव, मनहरण सूर्या,दामिनी कश्यप, प्रिया कोसरे,पुष्पेंद्र, इत्यादि शिक्षक - शिक्षिकाएं सहित विद्यालय के कर्मचारी, पालक एवं छात्र - छात्राएं उपस्थित थे। समारोह के अंत में छात्रों को मिष्ठान वितरित किया गया। विद्यालय के छात्र - छात्राओं ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर अपने देश के प्रति सम्मान और गर्व की भावना को बढ़ाने का संकल्प लिया।

# कांग्रेस पूरी तरह निराश, चुनाव से पहले हार मानी:अरुण साव

## कांग्रेस प्रत्याशी घोषित करने में भी नाकाम रही ,रैलियां तक रद्द हुई ,कांग्रेस में अंदरूनी आपातकाल जैसे हालात: अरुण साव

#### कांग्रेस को रायपुर से महापौर प्रत्याशी घोषित करने महिला कार्यकता नहीं मिली,परिवारवाद यहां भी भारी:अरुण साव

#### नगरीय निकायों में कांग्रेस के कुशासन पर आरोप पत्र लाएगी भाजपा,जरूरत पड़ी तो जांच भी कराएगी:साव




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री/नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव ने कहा है कि राज्य के 10 नगर निगमों, 49 नगरपालिकाओं और 114 नगर पंचायतों में जो चुनाव हो रहा है, उसके लिए नामांकन दाखिले का काम मंगलवार को पूर्ण हो चुका है और बुधवार को नामांकन पत्रों की समीक्षा हो रही है। इस बीच अनेक स्थानों पर उन्हें (स्वयं श्री साव को) 2023 के विधानसभा, 2024 के लोकसभा चुनावों और रायपुर दक्षिण उपचुनाव के समय जैसा उत्साह था, वैसा ही उत्साह निकाय चुनावों की नामांकन रैलियों में दिखाई पड़ा है। श्री साव ने कहा कि यह बताता है कि नगरीय निकाय में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में लहर चल रही है और भाजपा सभी नगरीय निकायों में चुनाव जीतने वाली है। श्री साव बुधवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में आहूत पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कांग्रेस में मचे अंदरूनी घमासान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस की हालत सबके सामने है। पिछले 5 दिनों में जो मंजर प्रदेशवासियों ने देखा है, उससे स्पष्ट है कि कांग्रेस पार्टी में कैसी ऊहापोह और आपाधापी मची है, किस तरह से और कैसे प्रत्याशियों का चयन हो रहा है! श्री साव ने कहा कि यह कितनी दुर्भाग्यजनक बात है कि महापौर जैसे पद के लिए कांग्रेस के पास जमीन पर काम करने वाली कोई कांग्रेस नेत्री नहीं मिली! अपने कार्यकर्ताओं की कैसी उपेक्षा और अपमान कांग्रेस पार्टी ने किया है, यह प्रत्याशियों का विश्लेषण करने पर साफ हो जाएगा। कम-से-कम महापौर के पद पर भी संगठन में, जनता के बीच काम करने वाले प्रत्याशी तक कांग्रेस लेकर नहीं आ पाई। श्री साव ने कहा कि कांग्रेस ने रायपुर नगर निगम में 15 साल राज किया। राज्य के अधिकांश नगर निगमों में कांग्रेस का बहुमत था, पर निवर्तमान महापौर, जो नगरीय निकाय के पदाधिकारी हैं, उनको कांग्रेस पार्टी ने छिपा लिया क्योंकि उन्हें पता है जनता में उनके प्रति काफी आक्रोश है। रायपुर में 15 साल में कांग्रेस ने नगर निगम में कैसी दुर्दशा की, कैसे-कैसे बड़े-बड़े घोटाले किए, रायपुर शहर की जनता के सामने है। पिछले 5 साल में प्रदेश के सारे नगरीय निकायों में कांग्रेस के लोगों ने जो दुर्दशा की है, विकास को अवरुद्ध किया है, विकास के लिए राशि नहीं दी, केवल बंदरबाँट और लूट मचाई।

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री साव ने आज के कांग्रेस के हालात पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस का कोई एमआईसी का मेंबर निर्दलीय चुनाव लड़ रहा है, कांग्रेस के बड़े-बड़े नेता निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं, बागी होकर चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस ने जो प्रत्याशी घोषित किए हैं, उसके खिलाफ लगातार नाराजगी के मामले आ रहे हैं। यह बताता है कि कांग्रेस पार्टी चुनाव के मैदान में जाने से पहले हार मान गई है। कांग्रेस नेताओं ने जनता का मूड समझ लिया है। जनता तो पूरी तरह कांग्रेस को सबक सिखाने के मूड में है। श्री साव ने कहा कि एक तरफ 5 साल में विकास को अवरुद्ध किया, जनता को परेशान किया, वहीं दूसरी ओर यही वह कांग्रेस पार्टी है जिसने अप्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव कराकर जनता के अधिकारों को छीनने का काम किया था। लोकतंत्र में मताधिकार सबसे बड़ा अधिकार होता है और जनता को अपना महापौर और अध्यक्ष चुनने का अधिकार होता है। संविधान की मूल भावना के विपरीत जाकर एक तरफ जहाँ जनता के अधिकार को छीनने का काम कांग्रेस पार्टी ने किया, जोड़-तोड़ और खरीद-फरोख्त करके निकायों में अपनी सरकार बना ली और सरकार बनाने के बाद क्या-क्या किया, विकास को अवरुद्ध किया, घोटाले किए, भ्रष्टाचार किया, शहरों की दुर्दशा कर दी।

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि कांग्रेस ने भू-माफियाओं को पनपाया, कैसे शहर को दोनों हाथों से लूटने का काम किया, जनता को मूलभूत सुविधाओं से महरूम किया। अब जनता कांग्रेस पार्टी को सबक सिखाने के लिए तैयार बैठी है और इसका संकेत भाजपा की मंगलवार की नामांकन रेलियों में मिला है। कांग्रेस पार्टी जिस प्रकार से नामांकन रैली नहीं कर पाई, कहीं नामांकन रैली रद्द हुई, यह हालत कांग्रेस पार्टी की बन चुकी है। यह स्पष्ट है कि कांग्रेस पार्टी चुनाव में जाने से पहले हार मान गई है। श्री साव ने कहा कि वहीं दूसरी ओर, पिछले 1 साल में नगरीय निकायों में विकास के प्रदेश की भाजपा सरकार ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में काफी काम किए हैं।

सार समाचार

## ज्वेलर्स संचालक हुआ ठगी का शिकार

**रायपुर( समय दर्शन )।** सोने का चैन लेकर ज्वेलर्स संचालक से ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सुमित कुमार जैन 47 वर्ष सदर बाजार कोतवाली का रहने वाला है। प्रार्थी ज्वेलर्स दुकान चलाता है। बताया जाता है कि प्रार्थी के पास अज्ञात मोबाइल नंबर 9179746609 से कॉल आया और प्राथ्र्थी को अपने आप को पुराना कस्टमर बताकर प्रार्थी को सोने का चैन फोटो भेजने कहा। फोटो भेजने पर आरोपी ने चैन पसंद किया। जिसे प्रार्थी ने अपने नौकर के हाथों भिजवाया, तो आरोपी ने चेक देने के बाद अपना पेन कार्ड नहीं दिया और फोन बंद कर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## सूने मकान से नकदी सहित जेवर पार

**रायपुर( समय दर्शन )।** चौरसिया कालोनी स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 3 हजार सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने दो संदेहियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी आरीफ खान 24 वर्ष चौरसिया कालोनी टिकरापारा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आरोपी सुखियान खान व अन्य ने आलमारी में रखे नकदी 3 हजार सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 95 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने दो संदेहियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## तलवार के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर( समय दर्शन )।** रायपुर की खमतराई थाना पुलिस ने तलवार लहराकर आम लोगों को आतंकित कर रहे युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से तलवार जब्त किया है7 मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 28.01.2025 को थाना खमतराई को सूचना मिला कि ब्रम्हदेही पारा खमतराई में एक व्यक्ति अपने हाथ लोहे का तलवार लेकर लहराते हुये आम लोगों को डरा धमका रहा है । सूचना पर घटना स्थल में जाकर घेराबंदी कर आरोपी हरि नारायण निषाद पिता शिव कुमार निषाद उम्र 26 वर्ष निवासी ब्रम्हदेही पारा खमतराई को पकड़ कर आरोपी के कब्जे से एक धारदार लोहे का तलवार जप्त कर आरोपी हरि नारायण निषाद के विरूद्ध थाना खमतराई में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कारवाही किया गया।

रायपुर नगरीय निकाय चुनावः

# भव्य रैली के साथ भाजपा महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे ने किया नामांकन दाखिल

**रायपुर( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय चुनाव में आज नामांकन जमा करने का आखिरी दिन है। रायपुर नगर निगम से (भारतीय जनता पार्टी) की महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे ने आज निगम के सभी 70 वार्डों में पार्टी के पार्षद प्रत्याशियों के साथ विशाल रैली निकालकर शहर का भ्रमण करते हुए अपना नामांकन जमा किया। इस दौरान उनके साथ मंत्री रामविचार नेताम, सांसद बृजमोहन, विधायक सुनील सोनी, महामंत्री संजय श्रीवास्तव समेत हजारों की संख्या में पार्टी के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।बता दें कि इस नामांकन रैली का स्वागत करने के लिए शहर के विभिन्न चौराहों पर जनता भी लालायित दिखी। रैली जैसे-जैसे नामांकन




स्थल की ओर बढ़ती गई, वैसे-वैसे अलग-अलग वार्ड से भी लोग रैली में शामिल होते गए। इस मौके पर महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे के साथ बीजेपी के कई पार्षद प्रत्याशियों ने भी नामांकन दाखिल किया। अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक एक-एक योजना का मिलेगा लाभ महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे। रायपुर महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे इस चुनाव को लेकर काफी आश्वस्त नजर आ रही हैं। उन्होंने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आशीर्वाद लेकर नामांकन फॉर्म जमा करने आई हूँ। आज का दिन मेरे लिए बहुत बड़ा दिन है। हमारे भाजपा परिवार ने मुझ पर भरोसा जताया है। हम विश्वास दिलाते हैं कि आने वाले समय में एक सुंदर रायपुर बनाकर रहेंगे। रायपुर शहर की जनता कांग्रेस के भ्रष्टाचार से हताश, निराश और परेशान हो चुकी है। कांग्रेस सरकार ने रायपुर शहर की जनता और रायपुर नगर निगम को लूटा है। हम चुनकर आएंगे तो महिला सशक्तिकरण, महिलाओं को रोजगार और हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे। हमारे समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक एक-एक योजना का लाभ पहुँचाने का भरपूर प्रयास किया जाएगा। रायपुर नगर निगम में अपनी सरकार बना रही है सांसद बृजमोहन रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने इस दौरान कहा कि इस नामांकन रैली की भीड़ जनता के भरपूर समर्थन को स्पष्ट करती है।

## भाजपा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ दर्ज कराया एफआईआर

**रायपुर( समय दर्शन )।** भारतीय जनता पार्टी ने महाकुम्भ के आयोजन को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा एमपी के महू में दिए गए बयान को घोर सनातन विरोधी और घृणित सोच का परिचायक बताते हुए खड़गे के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, विधि प्रकोष्ठ के संयोजक जेपी चंद्रवंशी और सह संयोजक बृजेश पांडे ने मंगलवार शाम को सिविल लाइन थाने में इस आशय का आवेदन सौंपा है। सिविल लाइन पुलिस को सौंपे आवेदन में भाजपा नेताओं ने कहा है कि, इन दिनों भारत के प्रयागराज तीर्थस्थल पर महाकुंभ का वृहद आयोजन चल रहा है और इस अवसर पर न केवल भारत, अपितु विदेशों से भी लगभग 45 करोड़ सनातन धर्मप्रेमी प्रयागराज पहुँचकर माँ गंगा के पवित्र त्रिवेणी संगम स्थल पर आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। इस विराट आयोजन के सुचारु संचालन के दृष्टिगत उत्तरप्रदेश की मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी की सरकार ने समुचित प्रबंध किए हैं। भाजपा नेताओं ने कहा है कि, ऐसे पवित्र अवसर पर कांग्रेस ने एक बार फिर अपने सनातन विरोधी राजनीतिक चरित्र का परिचय दिया है। कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कोटि-कोटि सनातन धर्मप्रेमियों की आस्था पर आघात करते हुए इस आयोजन को लेकर जो बयान दिया है, सनातनप्रेमियों के साथ ही भारतीय जनता पार्टी भी उसे घोर आपत्तिजनक मानते हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे ने मध्यप्रदेश के महू में महाकुंभ के आयोजन को लेकर कहा है, 'गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी खत्म होगी क्या? आपको खाना मिलता है क्या? जब बच्चा भूखा मर रहा है, बच्चा स्कूल नहीं जा रहा, मजदूर को मजदूरी नहीं मिल रही, तब हजारों रुपये खर्च करके कम्पटीशन में डुबकियां मार रहे हैं। ऐसे लोगों से देश की भलाई नहीं होने वाली है।' भाजपा नेताओं ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के इस बयान से सनातन धर्म में आस्था रखने वाले भारत सहित विश्व के कोटि-कोटि जन की भावनाएँ आहत हुई हैं, जो महाकुंभ में संगम स्नान कर स्वयं को धन्य अनुभव कर रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने इस सनातन विरोधी बयान के जरिए कांग्रेस की संकीर्ण और तुच्छ सोच का परिचय देकर कोटि-कोटि सनातन प्रेमियों के माँ गंगा और महाकुंभ के प्रति विश्वास को ठेस पहुँचाई है।

# कलेक्टर ने किया मतस्य और पीएचई विभाग का औचक निरीक्षण

### कलेक्टर ने कर्मचारियों को समय पर उपस्थिति देने के सख्त निर्देश

**रायपुर( समय दर्शन )।** कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने आज तेलीबांधा स्थित मतस्य विभाग और पंडरी रोड स्थित पीएचई विभाग का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया और अनुपस्थित कर्मचारियों की जानकारी ली। कलेक्टर डॉ. सिंह ने निर्देश दिया कि यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी अवकाश पर जाता है, तो उसके अवकाश आवेदन की प्रति उपस्थिति रजिस्टर में अनिवार्य रूप से रखी



जाए। उन्होंने विभागों में बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करने की व्यवस्था शीघ्र लागू करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा, डॉ. सिंह ने कार्यालय परिसर को साफ-सुथरा रखने, टेबलों को व्यवस्थित बनाए रखने और प्रत्येक टेबल पर नाम पट्टिका लगाने का निर्देश दिया, ताकि सभी की पहचान स्पष्ट हो सके। उन्होंने सभी कर्मचारियों को सुबह 10 बजे तक कार्यालय पहुंचने और शाम 5:30 बजे से पहले कार्यालय न छोड़ने के सख्त निर्देश दिए, अन्यथा वेतन काटा जायेगा।सुरक्षा नियमों पर जोर देते हुए कलेक्टर ने कहा कि सभी कर्मचारी हेलमेट पहनकर कार्यालय आएं और कार से आने वाले सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप भी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस में अंर्तकलह ही कांग्रेस को डूबाएगी : बृजमोहन अग्रवाल

**रायपुर( समय दर्शन )।** कांग्रेस में टिकट वितरण के बाद कार्यकर्ताओं के असंतोष को देखते हुए भाजपा के नेता मुखर हो गए हैं. सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने तो निकाय चुनाव परिणाम की भविष्यवाणी कर दी है. वहीं विधायक सुनील सोनी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं का दर्द बयां किया है. सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कहा कि असंतुष्टि ही कांग्रेस को डुबायेगी, और उनकी असंतुष्टि में ही बीजेपी का कमल फूल खिलेगा. टिकट खरीदी-बिक्री को लेकर उन्होंने कहा कि कांग्रेस में बिना पैसे के कोई काम नहीं होता. ऊपर स्तर तक पैसे पर पैसे से ही बात होती है, फिर ये तो निचले स्तर की बात है. वहीं टिकट वितरण को लेकर कांग्रेस में नेताओं और कार्यकर्ताओं की बगावत को लेकर दूसरी ओर विधायक सुनील सोनी ने कहा कि कांग्रेस ने अंतिम समय तक कार्यकर्ताओं को रुलाया है. पैसों के नाम पर कार्यकर्ताओं ने खून



के आंसू बहाए हैं, और फिर टिकट के लिए चक्कर कटवाए. कांग्रेस नेताओं को शर्म आना चाहिए. कांग्रेस में टिकट खरीदी-बिक्री को लेकर विधायक ने कहा कि इनके पूर्व विधायक ही बता रहे हैं कि टिकट खरीदा और बेचा जाता है. छोटे कार्यकर्ताओं के साथ ऐसा करेंगे तो जनता दूर होगी ही. आने वाले समय में कार्यकर्ता भी दूर हो जाएंगे।

## अवैध शराब के साथ 6 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर( समय दर्शन )।** राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्र में पुलिस के टीम ने अवैध शराब के साथ 6 युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 524 पाव देशी शराब व दो दोपहिया वाहन जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गुढियारी पुलिस ने सुखराम नगर गोगांव के पास अवैध शराब के साथ आरोपी अखिलेश कुमार साह 26 वर्ष के पास से 20 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 180 रुपए जब्त किया है। वहीं आरंग पुलिस ने ग्राम भानसोज के पास मुखबिर की सूचना पर एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 पीजेड 0981 सवार युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास 144 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं दूसरे मामले में पुलिस ने आरोपी गूमान धीवर 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 22 पाव देशी शराब जब्त किया है। इसी तरह खरोरा पुलिस ने आरोपी बिरू जोशी 35 वर्ष के पास से 280 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं माना पुलिस ने आरोपी अनिल यादव 21 वर्ष के पास से 20 पाव देशी शराब और धरसींवा पुलिस ने तिवरैया के पास स्कूटी सवार श्याम बागड़े 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 38 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

**अभिनेता और भाजपा नेता अरुण गोविल ने प्रयागराज में महाकुंभ मेला 2025 के दौरान त्रिवेणी संगम के पास एक शिविर में भक्तों को भोजन वितरित किया।**



## चाइनीज मांझा बेचने वाले गिरफ्तार

**रायपुर( समय दर्शन )।** पुलिस ने टिकरापारा थाना क्षेत्र के पचपेढ़ी नाका इलाके में सात वर्षीय एक बालक पुष्कर साहू पिता फुलेश साहू की चायनीज नायलोन मांझे में फंसकर गला कटने से हुई मौत के बाद चार और मांझा विक्रेताओं के खिलाफ पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 15 के तहत जुर्म दर्ज किया है। तेलीबांधा व टिकरापारा पुलिस ने दो-दो प्रकरण दर्ज किए हैं। पुलिस द्वारा भले ही एक ही कानून के तहत मामले दर्ज किए जा रहे हैं लेकिन कार्रवाई अलग-अलग किए जाने की शिकायत मिली है. तेलीबांधा पुलिस ने जहां दोनों आरोपियों को शपथपत्र लेकर जमानत दे दी है, लेकिन टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एफआईआर से पहले जारी किया गया नोटिस पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों को धारा 35 (5) बीएनएसएस का नोटिस दिया गया। तब आरोपियों ने शपथ पत्र प्रस्तुत कर विवेचना में सहयोग करने एवं निर्देशों का पालन करने की बात कही. इस स्थिति में दोनों को मौके पर रिहा किया गया. इधर टिकरापारा पुलिस ने मोहम्मद शमशेर को एकरा काईट्स शिव नगर में प्रतिबंधित मांझे बेचते पकड़ा। उसके कब्जे से एक बड़ी चकरी में लिपटा मांझा जब्त किया गया है। इससे पहले संतोषीनगर में मां गायत्री किराना स्टोर चलाने वाले तेजस लोहिया, मठपुरैना में राज किराना स्टोर्स चलाने वाले अंकित साहू की गिरफ्तारी की गई थी।

# जम्मू कश्मीर में अमन एवं शांति के लिए कार्य करें युवा - राज्यपाल रमेन डेका

### राज्यपाल से छत्तीसगढ़ भ्रमण पर आए कश्मीर के युवाओं ने की मुलाकात

**रायपुर( समय दर्शन )।** जम्मू कश्मीर में उद्योग एवं व्यवसाय के क्षेत्र में अपार संभावनाएं है। युवा विभिन्न क्षेत्रों में स्टार्टअप के लिए आगे आएं लेकिन यह तभी सफल होगा जब यहां शांति होगी। कश्मीर के युवा, अमन एवं शांति के लिए कार्य करें और वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सपने को साकार करने के लिए अपना योगदान दें। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने नेहरू युवा केन्द्र संगठन के 'युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम' के तहत छत्तीसगढ़ भ्रमण पर आए कश्मीर के युवाओं से रूबरू होकर उक्त बातें कहीं। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र संगठन एवं गृह मंत्रालय भारत सरकार के 'युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम' के तहत कश्मीर के 6 जिलों श्रीनगर, कुपवाड़ा, बारामुला, अनंतनाग, पुलवामा और बड़गांव के स्कूलों और महाविद्यालयों में अध्ययनरत 132 युवा, 6 दिनों के छत्तीसगढ़ र्भ्रमण पर गत 26





जनवरी को राजधानी रायपुर पहुंचे है। इस दौरान वे छत्तीसगढ़ विधानसभा सहित धमतरी जिले में गंगरेल बांध, एडवेंचर पार्क, यूथ क्लब आदि स्थानों में भ्रमण करेंगे। इसी कड़ी में वे राजभवन आए और राज्यपाल श्री डेका से मुलाकात की। राज्यपाल श्री डेका ने इन युवाओं को देश-प्रदेश, समाज एवं परिवार के प्रति जिम्मेदारी निर्वहन करते हुए कैरियर निर्माण तथा देश के बेहतर नागरिक बनने के लिए जरूरी मार्गदर्शन दिया। श्री डेका ने कहा कि छत्तीसगढ़ और कश्मीर दोनों प्राकृतिक रूप से सुंदर राज्य हैं। युवाओं को एक-दूसरे के राज्य के बारे में जानना चाहिए। जिससे वे अपने गौरवशाली राष्ट्र के बारे में ज्यादा जान पाएंगे। उन्होंने युवाओं को कैरियर एवं जीवन में आगे बढने के लिए जरूरी बाते बताई और कहा कि वर्तमान में जो हम करेंगे वह हमारा भविष्य बनाएगा। उन्होंने कहा कि आज युवाओं के सामने कैरियर निर्माण के बहुत सारे विकल्प हैं। धैर्य के साथ कड़ी मेहनत करें और अपने जुनून को अपना व्यवसाय बनाएं। श्री डेका ने कश्मीर के विशेष ड्राय फ्रूट, गलीचा, कालीन निर्माण, टूरिस्ट गाइड, होम स्टे जैसे व्यवसायों में स्टार्टअप के लिए युवाओं को मार्गदर्शन दिया। श्रीनगर जिले की युवा छात्रा कुमारी जीनत राही, कुपवाड़ा की कुमारी रिफत युसुफ पुलवामा जिले के राजा युनुस आदि ने छत्तीसगढ़ भ्रमण के दौरान हो रहे अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति, खान-पान, रहन-सहन अद्भुत है।

## हत्या के नियत से युवक पर फावड़ा से हमला

**रायपुर( समय दर्शन )।** मारूति रेसीडेंसी के पास न्यू राजेन्द्र नगर में एक युवक ने हत्या करने के नियत से दूसरे युवक के सिर पर फावड़ा से वार कर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मुरली तांडी 35 वर्ष शहीद राजीव पांडे नगर न्यू राजेन्द्र नगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी भरत चतुर्वेद 39 वर्ष ने आरोपी अजय बघेल को निर्माणाधीन मकान के दूसरे मंजिल से विवाद कर गाली-गलौज करते हुए धमकी देकर हत्या करने की नियत से धक्का देकर नीचे गिरा दिया। जिसका विरोध करने पर प्राथ्र्थी के सिर पर फावड़ा से हमला कर प्राणघातक चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## संपादकीय

### 90 घंटे काम करने की अपेक्षा

कभी -कभी किसी विशिष्ट व्यक्ति के मुंह से कुछ इस तरह के बयान निकल कर बाहर आ जाते हैं जिनके बारे में तय करना मुश्किल हो जाता है कि इन्हें गंभीर मान कर इन पर समुचित ध्यान दिया जाए या हास्यास्पद मान कर दरकिनार कर दिया जाए। पिछले दिनों लार्सन एंड टूब्रो (एल एंड टी) के चेयरमैन एस. एन. सुब्रमण्यम ने जो बात कही उस पर पूरे देश में प्रतिक्रिया हुई। उन्होंने अपने कर्मचारियों की बैठक में कहा कि कर्मचारियों को सप्ताह में 90 घंटे और रविवार को भी काम करना चाहिए। अपनी पत्नियों का मुंह निहारने में समय नष्ट नहीं करना चाहिए। इससे पहले इंफोसिस के मालिक नारायण मूर्ति भी कर्मचारियों से सप्ताह में 70 घंटे काम करने का आह्वान कर चुके हैं। अगर इन टिप्पणियों को सचमुच गंभीरता से लिया जाए तो ये बहुत क्रूरता, नासमझी और असंवेदनशीलता से भरी हुई टिप्पणियां हैं। इनका निहित भाव यह है कि कर्मचारी न अपने परिवार पर ध्यान दें, न दोस्तों, मित्रों और रिश्तेदारों से संपर्क रखें और अपने सामाजिक जीवन को त्याग दें। भारत जैसे देश में जहां शिक्षित बेरोजगारों की दर बहुत ज्यादा है, और जिन्हें रोजगार मिला भी हुआ है, उन्हें भी अपने श्रम के अनुकूल वेतन नहीं मिलता। एक आंकड़े के अनुसार भारत के विभिन्न क्षेत्रों में रोजगाररत लोगों में से 67 फीसद ऐसे हैं जो कार्य संबंधी कारणों से तनावग्रस्त रहते हैं जिससे उनके परिवारों में भी तनावग्रस्त वातावरण बन जाता है। तिस पर कार्यस्थलों का वातावरण उनके प्रति सहानुभूतिपूर्ण, संवेदनशील और समझदारी भरा न हो तो उनकी समस्याएं और अधिक बढ़ जाती हैं। ऐसे में उनसे सप्ताह में 90 घंटे कार्य करने की अपेक्षा करना उनकी सामाजिक और पारिवारिक जिंदगियों को नर्क में झोंक देने जैसा है। आजकल तो ऐसे भी संस्थान हैं जो अपने बड़े-बड़े अधिकारियों को ज्यादा वेतन इसलिए देते हैं कि वे छोटे कर्मचारियों का शोषण करें। वास्तव में बहस इस पर होनी चाहिए कि संस्थाओं में कर्मचारियों को उत्पादनक्षम वातावरण कैसे मिले जिससे पारिवारिक तथा व्यावसायिक जीवन में संतुलन आए न कि उनसे 90 घंटे काम करने की अपेक्षा की जाए। हालांकि अब एल एंड टी की एचआर हेड ने अपने चेयरमैन का बचाव करते हुए कहा है कि उनके बयान को गलत संदर्भ में लिया गया है। लेकिन सच तो यह भी है कि जब बात निकली है तो दूर तलक जाएगी।

## चीन के निर्णय से भारत सकते में

**डॉ. एन.के. सोमानी**

पिछले साल अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में जब पूर्वी लद्दाख को लेकर भारत और चीन के बीच समझौते की खबर आई तो एकबारगी लगा कि एशिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं और परमाणु सशस्त्र सेनाओं के बीच संबंध सामान्य हो रहे हैं। दोनों देशों के रिश्तों में 'हिन्दी-चीनी भाई-भाई' वाली नरमी लौटने से एक उम्मीद जगी थी कि एशियाई रिजन तनाव व संघर्ष के वातावरण से मुक्त हो सकेगा। दुर्भाग्य से पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी राष्ट्रों के बीच विश्वास बहाली की जमीन पुख्ता हो पाती इससे पहले ही चीन ने तिब्बत में ब्रहमपुत्र नदी पर दुनिया के सबसे बड़े डैम प्रोजेक्ट को मंजूरी देकर विवाद को हवा दे दी। चीन के इस निर्णय से भारत सकते में है।

भारत का मानना है कि चीन के इस प्रोजेक्ट से निचले बहाव वाले देशों खासकर भारत और बांग्लादेश पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। भारत ने इस प्रोजेक्ट पर कड़ी आपत्ति प्रकट की है। उसने चीन सरकार को दो टूक कहा है कि किसी भी तरह के निर्माण से पहले निचले बहाव वाले देशों के हितों का ध्यान रखा जाए। भारत का मानना है कि बांध का निर्माण जलवायु परिवर्तन, पर्यावरणीय क्षति और निचले इलाकों में जल संकट उत्पन्न कर सकता है। हालांकि, चीन ने योजना का बचाव करते हुए कहा है कि दाकों के अध्ययन के बाद सुरक्षा मुद्दों का समाधान किया गया है, इसलिए बांध के निर्माण से दूसरे देशों पर कोई नकारात्मक असर नहीं पड़ेगा, लेकिन सवाल यह है कि चीन की कथनी और करनी पर किस हद तक भरोसा किया जाए। बांग्लादेश की युनूस सरकार ने परियोजना पर सवाल खड़े किए हैं। ब्रह्मपुत्र नदी तिब्बत के कैलाश पर्वत के पास मानसरोवर झील के पूर्व की ओर से निकलती है। भारत के अरुणाचल प्रदेश और असम से होते हुए यह बांग्लादेश तक जाती है। इसकी कुल लंबाई 2880 किमी है। तिब्बत में इसका नाम यारलुंग सांगपो है। तिब्बत में इसका बहाव क्षेत्र 1625 किमी है। भारत में इसकी लंबाई 918 किमी है। यहां इसे सियांग, दिहांग और ब्रहमपुत्र के नाम से जाना जाता है। नदी का बाकी 337 किमी का हिस्सा बांग्लादेश में है, जहां इसे %जमुना कोयला' कहा जाता है। तीन देशों में बहाव क्षेत्र होने के कारण नदी पर शुरू की जाने वाली किसी भी परियोजना या एक तरफा तौर पर होने वाले निर्माण पर सवाल उठने लगते है। पिछले 25 दिसम्बर को जब चीन ने ब्रह्मपुत्र पर 60,000 मेगावाट की क्षमता वाली दुनिया की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजना के निर्माण की घोषणा की खबरे मीडिया में आई तो भारत सरकार हरकत में आई।

दरअसल, चीन जिस तरह से अपनी महत्त्वाकांक्षी योजनाओं का उपयोग प्रतिद्वंद्वी देशों को आर्थिक और रणनीतिक मोर्चे पर घेरने के लिए करता है उससे भारत की चिंता बढनी ही थी। चिंता के कई बड़े कारण है। पहला, इस परियोजना के शुरू होने के बाद भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र पर हमेशा चीनी दखल का खतरा मंडराता रहेगा। दूसरा, चीन का भारत और बांग्लादेश के साथ सीमा विवाद बढ़ सकता है, क्योंकि ब्रह्मपुत्र नदी के पानी पर तीनों देशों के दावे को लेकर विवाद है। तीसरा, भारत-चीन संबंधों में तनाव उत्पन्न होने की स्थिति में चीन इस डैम को भारत के साथ सौदेबाजी का जरिया बना सकता है। चौथा, चीन इस डैम का उपयोग %वाटर बम' के तौर पर भी कर सकता है। तनाव और विवाद की स्थिति में चीन इस डैम के जरिए भारत के सीमाई इलाकों में बड़ी मात्रा में वाटर फ्लो करके बाढ़ जैसे हालात पैदा कर देगा। सच तो यह है कि ब्रह्मपुत्र अरुणाचल प्रदेश और असम की जीवन रेखा है, जो पांच करोड़ से अधिक लोगों को पेयजल, सिंचाई और जलविधुत के लिए पानी उपलब्ध कराती है। ऐसे में अगर चीन ब्रह्मपुत्र पर बांध का निर्माण करता है तो पानी के बहाव पर उसका नियंत्रण हो जाएगा। परिणामस्वरूप वह शुष्क मौसम के दौरान पानी के प्रवाह को कम कर कृषि और पेयजल के लिए जल संकट उत्पन्न करने में संकोच नहीं करेगा। दूसरी ओर मानसून के दौरान अतिरिक्त पानी छोड़ने का भी खतरा बना रहेगा।

# नई दिल्ली सीट से केजरीवाल को मुश्किल में डाल सकते हैं डॉक्टर मुनीश रायजादा

**उमेश चतुर्वेदी**





दिल्ली के चुनावी मैदान में एक नाम ऐसा भी है, जिसकी ओर किसी का ध्यान नहीं है। अगर ध्यान है भी तो उसे जानबूझकर अनदेखा किया जा रहा है। सामाजिक जीवन में कई बार प्रतिभाओं और ताकत को जानबूझकर अनदेखा किया जाता है। विशेषकर समाज का ताकतवर तबका उभरती ताकतों को इसलिए अनदेखा करता है कि कहीं उसकी ओर ध्यान देने से वह प्रतिभा अचानक लाइमलाइट में ना आ जाए, वह लोगों का अपनी ओर ध्यान न खींच ले। स्थापित शख्सियत को डर होता है कि कहीं उभरती प्रतिभा की ओर लोग का ध्यान चला गया तो उस हस्ती की ताकत कम हो सकती है। शायद यही वजह है कि दिल्ली के चुनावी मैदान की इस प्रतिभा को नजरंदाज किया जा रहा है। आप भी सोच रहे होंगे कि यह प्रतिभा कौन है, यह ताकत कौन है? इस सवाल का जवाब हैं डॉक्टर मुनीश रायजादा। जो नई दिल्ली सीट पर आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को चुनौती दे रहे हैं।

मुनीश रायजादा प्रोफेशन से नवजात बच्चों के डॉक्टर हैं। अमेरिका में स्थापित प्रैक्टिस और नौकरी रही है। चौदह साल पहले जब अन्ना हजारे की अगुआई में भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन चला तो मुनीश को लगा कि अगर यह आंदोलन सफल हुआ तो भारत बदल जाएगा। भारत में रहते वक्त उन्होंने लालफीताशाही और कदम-कदम पर खुद भी भ्रष्टाचार का सामना किया था। इसलिए उन्हें लगता था कि अगर भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन सफल हुआ और जनलोकपाल की अवधारणा हकीकत बनी तो भारत बदल जाएगा। इस सपने के साथ वे भी अमेरिका की सुविधा संपन्न जिंदगी और डॉक्टरी छोड़ भारत आ गए और भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन का सक्रिय सदस्य बन गए। मुनीश की अगुआई में पढ़े-लिखे लोगों को अन्ना आंदोलन की ओर आकर्षित करने और विशेषकर विदेशों स्थित भारतीयों से संपर्क करने का बड़ा श्रेय है। उन्होंने विदेशों से अन्ना आंदोलन के लिए खूब चंदा भी जुटाए। देखते ही देखते वे उस भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के बड़े सिपाही बन गए। इसके साथ ही उनकी नजदीकियां अरविंद केजरीवाल से बन गई।

2015 में ऐतिहासिक जीत के साथ दिल्ली की सत्ता पर काबिज हुई केजरीवाल सरकार ने मुनीश रायजादा को अपना स्वास्थ्य सलाहकार बनाया। मोहल्ला क्लीनिक, जिसकी ढोल केजरीवाल खूब पीटते हैं, एक तरह से मुनीश के दिमाग की उपज है। सरकार में काम करते वक्त दिल्ली को बदलने और उसके जरिए देश को बदलने का सपना देख रहे मुनीश रायजादा को बाद में झटके लगने शुरू हुए। जब उन्होंने अपनी आंखों से केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार की ओर मुड़ते देखा। केजरीवाल की अगुआई में बनी आम आदमी पार्टी ने सादगी के साथ राजनीति और शासन का सपना दिखाया था। लेकिन बाद के दिनों में मुनीश ने देखा कि आम आदमी पार्टी और उसके नेता भी पारंपरिक राजनेताओं की ही तरह आगे बढ़ रहे हैं। उन्हें किसी भी तरह के भ्रष्टाचार से गुरेज नहीं है। रायजादा को अपना सपना टूटता हुआ दिखा तो उन्होंने केजरीवाल का साथ छोड़कर अपनी अलग राह चुन ली।

अलग राह चुनने बाद उनके पास अमेरिका लौटकर अपनी डॉक्टरी प्रैक्टिस करने का विकल्प था। अमेरिका में रह रही उनकी डॉक्टर पत्नी ने इसके लिए उन्हें प्रेरित भी किया। लेकिन उनके मन को लगी गहरी चोट ने उन्हें लौटने नहीं दिया। सपनों का बिखरना उन्हें परेशान करता रहा। लिहाजा कुछ दोस्तों के साथ उन्होंने भारतीय लिबरल पार्टी बना ली। अब रायजादा का एक ही सपना है, केजरीवाल के भ्रष्टाचार को उजागर करना और चुनावी बिसात पर किसी तरह से मात देना। उनका मानना है कि अगर केजरीवाल को चुनावी बिसात पर मात नहीं दिया गया तो भारत में फिर से कोई भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन नहीं उभर पाएगा। भ्रष्टाचार के संपूर्ण खात्मे के लिए अरविंद का मुखौटा उतरना जरूरी है।

मुनीश के पास संसाधनों की कमी है। उन्हें आर्थिक रूप से कुछ दोस्तों की मदद मिल रही है। चूंकि उनकी ओर लोगों का ध्यान नहीं है, इसलिए कोई उदार कारपोरेट भी उनकी मदद के लिए आगे नहीं आया है। लेकिन रायजादा ने खुद नई दिल्ली में अरविंद केजरीवाल के सामने ताल ठोक दी है। इसके साथ ही दिल्ली की सभी 12 आरक्षित सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार रहे हैं। वैसे उनकी पार्टी दिल्ली की सभी 70 सीटों पर लड़ रही है। लेकिन उनका ज्यादा फोकस अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीटों के साथ ही नई दिल्ली सीट पर है। रायजादा ने अनुसूचित समुदाय में बहुत काम किया है। अब भी वे वहां सक्रिय रहते हैं। इसलिए उन्होंने खुद को इन्हीं सीटों पर फोकस किया है। झुग्गी बस्तियों और अनुसूचित जाति वाले समुदायों में उनकी बड़ी पकड़ है। दिलचस्प यह है कि वे इसके बावजूद विकास की राजनीति की बात कर रहे हैं। चुनावी रेवड़ियों की राजनीति पर लगाम की भी बात करते हैं। उनका मानना है कि केजरीवाल ने मुफ्त रेवड़ी की राजनीति करके विकास और श्रम को किनारे किया है। इसका असर है कि दिल्ली में श्रम का महत्व कम हुआ है। दूसरी बात यह है कि भ्रष्टाचार खत्म करने के वादे के साथ दिल्ली की सत्ता पर काबिज हुई आम आदमी पार्टी दिल्ली की रिश्वतखोरी को खत्म नहीं कर पाई। रायजादा कहते हैं कि वह खत्म कैसे करेगी, क्योंकि खुद ही वह रिश्वतखोरी में डूब चुकी है। रायजादा को केजरीवाल की विलासिता भी चुभती है। इसलिए अपनी नुक्कड़ सभाओं और अपने वोटरों के बीच वे इसे खूब मुद्दा बना रहे हैं।

रायजादा की राह की बड़ी बाधा धन है। उनके पास नहीं है, इसलिए उनके चुनाव प्रचार में चमक-दमक नहीं है। बड़े होर्डिंग और अखबारी विज्ञापन नहीं हैं। विदेशों से केजरीवाल के लिए पैसे जुटाने वाले शख्स के पास बड़े दानदाता नहीं है तो इसकी वजह केजरीवाल और उनकी राजनीति ही है। रायजादा कहते हैं कि किस मुंह से वे लोगों से दोबारा दान मांगे। फिर भी लोग, आम जनता और उनके दोस्त उनके चुनावी यज्ञ की समिधा बनकर उनके साथ चल रहे हैं।

रायजादा की राजनीति की जानकारी केजरीवाल खेमे को है। प्रधानमंत्री मोदी, राहुल गांधी और हर बड़े राजनेता के हर सवाल का तपाक से जवाब देने वाले केजरीवाल और उनकी पार्टी रायजादा के सवालों और आरोपों का जवाब नहीं दे रही। मुनीश मानते हैं कि केजरीवाल को डर है कि अगर उन्होंने रायजादा को तवज्जो देना शुरू किया तो मुनीश के आरोपों पर दुनिया ध्यान ही नहीं देगी, चूंकि एक दौर में मुनीश उनके सहयोगी रहे हैं, इसलिए उन पर गौर भी करने लगेगी। इससे केजरीवाल का शीराजा बिखरने लगेगा।

फिर भी केजरीवाल का शीराजा बिखरेगा। मुनीश इसके लिए प्राणपण से लगे हैं। बेशक मुनीश दिल्ली में सत्ता बनाने तक नहीं पहुंच पाएं, हो सकता है कि उन्हें चुनावी सफलता नहीं मिले। लेकिन इतना तय है कि केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के वोट बैंक के एक बड़े हिस्से, झुग्गी-बस्ती तक उनकी पहुंच बढ़ी है और उसमें वे सेंध जरूर लगाएंगे। अगर यह सेंध मजबूत रही तो तय है कि आम आदमी के लिए दिल्ली की लड़ाई कठिन होगी। आम आदमी पार्टी की चौथी बार सत्ता की राह में मुनीश रायजादा और उनकी भारतीय लिबरल पार्टी बड़ी बाधा बन जाए तो हैरत नहीं होनी चाहिए।

# कांग्रेस की विभाजनकारी राहों से जुड़े खतरे

**ललित गर्ग**



कांग्रेस पार्टी की नीति हमेशा से विभाजनकारी रही है। इनका एजेंडा ही रहा है देश में जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र के नाम पर बंटवारा करके अराजकता का माहौल बनाना। इसके लिये वह कभी संविधान को खतरे में बताती है तो कभी जातिगत जनगणना की मांग करती है। एक बार फिर डॉ. भीमराव आंबेडकर की जन्मस्थली महू में रैली के दौरान कांग्रेस ने जिस तरह इस पर जोर दिया कि संविधान पर हमला किया जा रहा है और महात्मा गांधी का अपमान किया जा रहा है, उससे उसकी विचारशून्यता एवं राजनीति अपरिपक्वता ही प्रकट नहीं हो रही है,, बल्कि देश को बांटने की मानसिकता भी उजागर हो रही है। यदि कांग्रेस के रणनीतिकार एवं नेता यह समझ रहे हैं कि वे संविधान के संदर्भ में भय का भूत खड़ा करने और भाजपा एवं संघ के नेताओं के बयानों को तोड़-मरोड़कर पेश करने से देश की जनता को गुमराह करने, बरगलाने में समर्थ हो जाएंगे तो ऐसा अब होने वाला नहीं है। उलटे इस क्रम में कांग्रेस की विश्वसनीयता और अधिक गिर सकती रही है और वह हास्यास्पद स्थिति का शिकार होकर अपनी राजनीतिक जमीन को कमजोर ही कर रही है। ऐसा हरियाणा, महाराष्ट्र के चुनावों में हुआ है और अब दिल्ली के विधानसभा चुनाव भी ऐसे ही होते हुए दिख रहे हैं।

संविधान के खतरे में होने के कांग्रेस के दुष्प्रचार का लाभ भले ही कुछ सीमा तक लोकसभा चुनाव मिला हो, लेकिन हर बार मतदाता ऐसे नारों एवं दुष्प्रचार में गुमराह नहीं होने वाला है। वैसे भी काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती। कांग्रेस इस बात को भी तूल दे रही है कि महात्मा गांधी के साथ डॉ. आंबेडकर का अपमान किया जा रहा है। ये ऐसी बातें हैं, जिनका कोई मूल्य-महत्व नहीं। यह सब अंधेरे में तीर चलाने जैसा है। यह असत्य एवं झूठ की राजनीति है। कांग्रेस भले ही सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने की बातें कर रही हो, लेकिन सच यह है कि वह सामाजिक विभाजन की खाई को चैड़ा करते हुए देश को जोड़ने नहीं, बल्कि तोड़ने में जुटी हुई है। अब मतदाता समझदार हो चुका है, वह ऐसे झूठे प्रचार में बार-बार नहीं आने वाला है। कांग्रेस सामाजिक न्याय की बात करते हुए भाजपा के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को भी निशाने पर ले रही है, लेकिन कांग्रेस की इन कुचालों का भाजपा एवं आरएसएस करारा जबाव दे रहे हैं।

गत दिवस ही संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कांग्रेस एवं उसके नेता राहुल गांधी को नसीहत देते हुए कहा- बंधुभाव ही असली धर्म है। यही बात डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर ने संविधान-प्रस्तुति के समय अपने भाषण में भी समझाई है। भागवत ने कहा- समाज आपसी सद्भावना के आधार पर काम करता है। इसलिए मतभेदों का सम्मान किया जाना चाहिए। प्रकृति भी हमें विविधता देती है। वे विविधता को जीवन का हिस्सा मानते हैं। उन्होंने कहा कि आपकी अपनी विशेषताएं हो सकती हैं, लेकिन आपको एक-दूसरे के प्रति अच्छा व्यवहार करना चाहिए। अगर आप जीना चाहते हैं, तो आपको एक साथ रहना चाहिए। लेकिन कांग्रेस वर्तमान में ही नहीं, बल्कि अतीत में भी विभाजनकारी नीति को बल देते हुए भारतीय इंसानों को बांटती रही है। गांधीजी ने आजादी के बाद ही यह बात समझ ली थी। इसीलिए गांधीजी ने कहा था कि कांग्रेस को खत्म कर देना चाहिए। लेकिन कांग्रेस गांधी के अनुसार तो खत्म नहीं हुई लेकिन देश में विभाजनकारी नीति के कारण जनता द्वारा नकारी जा रही है, खत्म होने के कगार पर पहुंच रही है।

कांग्रेस भारत की 'सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय' की भावना को दबा रही है, सनातन परंपरा को दबा रही है। अनेक वर्षों तक दिल्ली पर राज करने वाली कांग्रेस सत्ता में वापस आने के लिए इतनी बेचैन है कि वो हर दिन नफरत, द्वेष एवं घृणा की राजनीति कर रही है। कांग्रेस सांप्रदायिकता और जातिवाद के विष को दिल्ली चुनाव में भी उडेल रही है। हिंदू समाज को तोड़ना और उसे अपनी जीत का फॉर्मूला बनाना ही कांग्रेस की राजनीति का आधार है और यही उसको रसातल में ले जा रहा है। कांग्रेस की जातिगत जणगणना की मांग भी उसकी विभाजनकारी नीति को ही दर्शाती है। मोदी सरकार जनगणना कराने की तैयारी कर रही है। सरकार के सामने समस्या केवल यह नहीं है कि जनगणना शीघ्र कराई जाए बल्कि मूल समस्या यह है कि कांग्रेस की जाति आधारित जनगणना की मांग का सामना कैसे किया जाए। विपक्षी दल और विशेष रूप से कांग्रेस जातिगत जनगणना पर जोर दे रही है, जो केवल संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थों के इरादे से की जा रही है। जातिगत जनगणना का उद्देश्य समाज को चुनावी लाभ के लिए जातियों में गोलबंद करना और जातिगत आरक्षण को तूल देकर वोटबैंक की राजनीति को धार देना है। इसकी पुष्टि विपक्षी नेताओं और विशेष रूप से राहुल गांधी के ऐसे बयानों से होती है कि अमुक-अमुक जाति के लोगों को दबाया जा रहा है। यह और कुछ नहीं, समाज को जानबूझकर बांटने की घातक चेष्टा है।

यह सही है कि भारतीय समाज जातियों में विभाजित रहा है, लेकिन अब जब यह विभाजन लगातार कम होता जा रहा है, तब जाति जनगणना कराकर जाति की राजनीति करने वालों को सामाजिक विभाजन का अवसर नहीं दिया जाना चाहिए। क्योंकि यह जातीय वैमनस्य को ही हवा देगा और इससे विभाजनकारी प्रवृत्तियों के सिर उठाने का ही खतरा है। जातिगत जनगणना बेहद जटिल होने के साथ विभाजनकारी भी है। यही कारण है कि 2011 में मनमोहन सरकार ने जाति जनगणना कराने के बाद भी उसके आंकड़े सार्वजनिक करना सही नहीं समझा था। क्योंकि कई ऐसी जातियां हैं, जिनकी एक राज्य में सामाजिक और आर्थिक हैसियत दूसरे राज्य से बिल्कुल भिन्न है। इतना ही नहीं, कहीं उनकी गिनती अनुसूचित जाति में होती है तो कहीं पिछड़ी जाति में। जाति जनगणना के पीछे यह तर्क दिया जाता है कि पिछड़ेपन का एकमात्र आधार जाति है। एक समय ऐसा था, लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। आज शहरों में किसी को इससे मतलब नहीं कि कौन किस जाति का है। जाति जनगणना कराने का मतलब होगा देश को फिर से जातीय विभाजन की ओर ले जाना। इससे बचने में ही समझदारी है।

कांग्रेस एवं विपक्षी दलों का मोदी और भाजपा के विरोध के अलावा कोई साझा उद्देश्य नहीं है, उलटे उनमें दलगत हितों और महत्वाकांक्षाओं का तल्ख टकराव है। दो लोकसभा चुनावों में हाशिये पर रहे विपक्षी दल तीसरे चुनाव के लिए एक साथ तो आए, पर मकसद पूरा न होने पर वापस अपनी-अपनी राह चलने को बेताब हैं। लोकसभा चुनाव में भी बंगाल, केरल और पंजाब में मित्र दल आपस में ही जोर आजमाइश कर रहे थे। अब दिल्ली में भी कांग्रेस और आप अलग-अलग ताल ठोंकते दिख रहे हैं। दिल्ली में कांग्रेस के तेवरों से साफहै कि मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से रोकने में नाकामी के बाद उसने शायद अपने पुनरुत्थान के लिये दिल्ली के चुनाव को आधार बना लिया है। इसमें कोई बुराई नहीं, पर यह काम आसान नहीं। दशकों तक देश और प्रदेशों पर एकछत्र राज करने वाली कांग्रेस की दुर्दशा अचानक नहीं हुई। बेशक उसका ऐतिहासिक चुनावी पराभव 2014 में हुआ, लेकिन अपनी कमजोरियों-गलतियों एवं विभाजनकारी नीतियों से वह बहुत पहले से जर्जर होने लगी थी। कांग्रेस न केवल खुद को बल्कि इंडिया गठबंधन को भी जर्जर बना दिया है, गठबंधन का स्लोगन था, जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया, लेकिन देश को दिखाए गए उन सपनों का सच डेढ़ साल में सामने आ गया। तनातनी पहले भी दिखती रही, लेकिन दिल्ली विधानसभा चुनाव में बात आर-पार तक पहुंच गई। यह एक पुरानी कहावत है कि देश जैसी सरकार के योग्य होता है, वैसी ही सरकार उसे प्राप्त होती है।' दिल्ली में भी ऐसी ही सरकार बनेगी जो दिल्ली के हितों को प्राथमिकता दे, न कि विभाजन को।

## संतरे से ज्यादा इन 6 फलों में होती है विटामिन सी की मात्रा, आज ही करें अपनी डाइट में शामिल, मिलेंगे गजब के फायदे

विटामिन सी से भरपूर चीजों का सेवन करने से शरीर को ऊर्जा मिलती है। वहीं अगर शरीर में विटामिन सी की कमी हो जाए तो व्यक्ति को थकान, कमजोरी, मसूड़ों से खून आना, जोड़ों में दर्द जैसे कई लक्षण महसूस होने लगते हैं। यूएसडीए के अनुसार, एक संतरा व्यक्ति की दैनिक खुराक को पूरा करने के लिए लगभग पर्याप्त होता है। यही वजह है कि जब कभी शरीर में विटामिन सी की कमी पूरी करने की बात होती है तो लोग सबसे सबसे पहले संतरे को एक अच्छा फल मानते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं, संतरे के अलावा ऐसे अन्य फल भी हैं, जिनमें संतरे से ज्यादा विटामिन सी मौजूद होता है। आइए जानते हैं उनके बारे में।

अनानास

अनानास में प्रति 100 ग्राम 47.8 मिलीग्राम विटामिन सी होता है और संतरे में 45 मिलीग्राम विटामिन सी होता है।

कीवी

पोषण विशेषज्ञों के अनुसार लगभग दो कीवी में 137 मिलीग्राम विटामिन सी होता है। कीवी प्रीबायोटिक्स का एक समृद्ध स्रोत है, जो पाचन तंत्र में प्रोबायोटिक्स या अच्छे बैक्टीरिया और यीस्ट के विकास के लिए आवश्यक हैं।

जामुन

जामुन में मौजूद विटामिन सी, इम्यूनिटी बढ़ाने, घाव भरने, स्किन में कोलेजन का उत्पादन करने और आयरन के अवशोषण में मदद करती है। जामुन में विटामिन सी की अच्छी मात्रा मौजूद होती है। बता दें जामुन में प्रति 100 ग्राम में लगभग 80-90 मिलीग्राम विटामिन सी होता है, जो प्रतिरक्षा और स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है।

पपीता

पपीता विटामिन सी का अच्छा स्रोत है। पपीते में विटामिन सी की मात्रा इतनी होती है कि यह दैनिक जरूरत से 1.5 गुना ज्यादा होता है। पपीते में मौजूद विटामिन सी, प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाकर दिल की सेहत को बेहतर बनाए रखने में मदद करता है।

बेर

इस छोटे, खट्टे फल में प्रति 100 ग्राम में लगभग 90 मिलीग्राम विटामिन सी होता है, जो इसे एक हेल्दी नाश्ता बनाता है।

आंवले

आंवले में विटामिन सी की मात्रा 100 ग्राम में 500 से 700 मिलीग्राम होती है। यह विटामिन सी का एक बेहतरीन स्रोत है, जो हमेशा बना रहता है। जबकि संतरा या नीबू जैसे अन्य विटामिन सी रिच फलों में हवा या धूप के संपर्क में आने पर विटामिन सी की मात्रा कम हो जाती है।





# बिना मेहनत के तेजी से वजन घटाने के लिये बेस्ट है अदरक की चाय या ग्रीन टी, जाने इस्तेमाल करने का तरीका

जब भी वेट लॉस की बात आती है तो आप क्या खाते हैं या क्या पीते हैं, यह बहुत अधिक मायने रखता है। अमूमन वेट लॉस के लिए दो बेहद ही पॉपुलर ड्रिंक हैं, ग्रीन टी और अदरक की चाय। ये दोनों ही ताजगी देने वाली हैं, जिनसे कई तरह के हेल्थ बेनिफिट्स भी मिलते हैं। जहां ग्रीन टी कैटेचिन और कैफीन के कारण मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करके अधिक फैट बर्न करने में मदद करती है, वहीं अदरक की चाय का थर्मोजेनिक प्रभाव होता है जो भूख को कम करने, पाचन में सुधार करने और सूजन को दूर करने में मदद करता है इस बात में कोई दोराय नहीं है कि अदरक की चाय और ग्रीन टी दोनों ही वेट लॉस मे मददगार है। लेकिन अक्सर लोगों को यह समझ नहीं आता कि वे इन दोनों में से किसका सेवन करें। जहां कुछ लोग ग्रीन टी की सिफारिश करते हैं तो कुछ लोगों के लिए अदरक की चाय अधिक बेहतर है। तो चलिए आज इस लेख में सेंट्रल गवर्नमेंट हॉस्पिटल के ईएसआईसी अस्पताल की डाइटीशियन रितु पुरी आपको बता रही हैं कि वेट लॉस के लिए ग्रीन टी या अदरक की चाय में से किसका सेवन करना ज्यादा बेहतर रहेगा

### ग्रीन टी के वेट लॉस में फायदे

ग्रीन टी अपने कैटेचिन, विशेष रूप से एपिगैलोकैटेचिन गैलेट के लिए जानी जाती है। कैटेचिन मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करने में मददगार है, जिससे फैट बर्न करना अधिक आसान हो जाता है। साथ ही, इसमें थोड़ा कैफीन होता है जो आपका एनर्जी लेवल बनाए रखता है। अधिक एक्टिव रहने से भी वेट लॉस में मदद मिलती है।

### कब पीएं ग्रीन टी?

आप वर्कआउट या भोजन से पहले एक कप ग्रीन टी का सेवन कर सकती हैं। यह फैट बर्न करने और पाचन को बेहतर बना सकती है। ग्रीन टी को दिन में दो से तीन कप पिया जा सकता है। आप इसमें शहद या नींबू भी मिक्स कर सकते हैं।

### ग्रीन टी के नुकसान

अगर ग्रीन टी का अधिक सेवन किया जाता है तो इससे आपकी नींद खराब हो सकती है या कैफीन के कारण पेट खराब हो सकता है।

### अदरक की चाय के वेट लॉस में फायदे

अदरक की चाय को वेट लॉस के लिए इसलिए अच्छा माना जाता है, क्योंकि यह एक नेचुरल थर्मोजेनिक है, जिसका अर्थ है कि यह आपके शरीर को गर्म करता है, जिससे अधिक कैलोरी बर्न करने में मदद मिलती है। साथ ही, यह अतिरिक्त भूख को कम करने के साथ-साथ पाचन को बेहतर बनाता है।

### कब पीएं अदरक की चाय?

आप अदरक की चाय को सुबह या मील्स के बीच में ले सकते हैं। इसे दिनभर में एक से दो कप पिया जा सकता है। टेस्ट को बेहतर बनाने के लिए इसमें दालचीनी या नींबू निचोड़ें।

### अदरक की चाय के नुकसान

अगर अदरक की चाय का जरूरत से ज्यादा सेवन किया जाता है तो इससे आपको हार्ट बर्न की शिकायत हो सकती है।

### किसका करें सेवन?

ग्रीन टी और अदरक की चाय दोनों ही वेट लॉस में कारगर है। आप इनके गुणों के आधार पर इनका चयन करें। मसलन-

मेटाबॉलिज्म बूस्ट करने के गुणों और कैटेचिन की वजह से ग्रीन टी थोड़ी बेहतर है।

अदरक की चाय आपके पेट को आराम देने और सूजन को कम करने के लिए सबसे बढ़िया है।

ग्रीन टी एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होती है, जो ओवर ऑल हेल्थ और स्किन के लिए बहुत अच्छी होती है।

वहीं, अदरक की चाय एंटी-इंफ्लेमेटरी होती है, जो कसरत के बाद मांसपेशियों के दर्द में आराम दिलाने में मदद करती है।

बेहतर रिजल्ट के लिए आप दोनों का सेवन कर सकती हैं। अतिरिक्त फैट बर्न के लिए वर्कआउट से पहले ग्रीन टी लें और पाचन को शांत करने और फूड क्रेविंग को कमम करने के लिए भोजन के बाद अदरक की चाय ली जा सकती है।

## सर्दियों में इन तरीकों से डाइट में शामिल करें तिल, मिलेंगे गजब के फायदे, तेजी से कम होगा वजन

ठंड में ज्यादातर लोग तिल या तिल से बनी चीजों को खाना पसंद करते हैं। तिल के लड्डू से लेकर तिल की गजक तक, तिल सर्दियों के सुपरफूड में से एक है। तिल में प्रोटीन, आयरन, विटामिन, ओमेगा 6, मैग्नीशियम और फॉस्फोरस जैसे कई पोषक तत्व होते हैं। ये सभी पोषक तत्व हमारी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। ये शरीर को गर्म रखने के साथ ही एनर्जी बूस्ट करने में मदद करता है। इसके अलावा पेट से जिद्दी चर्बी को कम करने के लिए भी तिल काम आ सकती है। इसे खाने से भूख को नियंत्रित किया जा सकता है। पेट की जिद्दी चर्बी और वजन कम करने की सोच रहे हैं तो तिल को खाने में शामिल करें। यहां जानिए किन तरीकों से आप तिल को डायट में शामिल कर सकते हैं।

1) स्मूदी में शामिल करें - तिल के बीज पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। इसे आप सुबह की स्मूदी में मिला सकते है। स्मूदी में इसका एक बड़ा चम्मच मिलाने से पोषक तत्व बढ़ जाते हैं। यह आपकी स्मूदी का स्वाद और बनावट दोनों बढ़ा देगा। तिल के बीज हेल्दी फैट, प्रोटीन और फाइबर से भी भरपूर होते हैं, जो आपको लंबे समय तक तृप्त रखेंगे।

2) सलाद में डालें - आप अपने सलाद को तिल के बीज के साथ और भी ज्यादा पौष्टिक बना सकते है। हेल्दी फैट और फाइबर के साथ, तिल आपके सलाद में कुरकुरापन जोड़ता है। हरी पत्तेदार सब्जियों, एवोकाडो में तिल मिलाने से फैट बर्न करने में मदद मिल सकती है।

3) तिल से बनाएं बार - घर का बना ग्रेनोला बार हेल्दी स्नैक के तौर पर खाया जा सकता है। इसे बनाने के लिए ओट्स, मेवे और मुट्ठी भर तिल भून लें। थोड़ा सा शहद मिलाएं और बेकिंग ट्रे पर इसे फैला लें। इसे बेक करें और टेस्टी बार तैयार है। इसे खाकर वजन मेनेज करने में मदद मिलती है।



## सर्दियों में रोज़ाना पीयें यह जूस, सेहत बनी रहेगी टनाटन, नहीं लगाने पड़ेंगे डॉक्टर के चक्कर

सर्दियों में फिट और हेल्दी रहने के कई ऑप्शन होते हैं. इस समय गाजर, मूली, शलजम, चुकंदर, शकरकंद और मटर जैसी कई सब्जियां होती है, इसमें मौजूद पोषक तत्व सेहत के लिए कई तरह से फायदेमंद साबित हो सकते हैं. आप इन्हें सलाद के तौर पर भी डाइट में शामिल कर सकते हैं. लेकिन अगर आपको सलाद खाना पसंद नहीं है तो आप इन सब्जियों का जूस बनाकर पी सकते है.ताजे फल और सब्जियों के जूस सेहत के लिए कई तरह से फायदेमंद साबित हो सकता है. तरे का जूस, नीबू का जूस, और आमला जूस में विटामिन सी होता है ऐसे में ये इम्यून सिस्टम को बूस्ट करने और स्किन के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है. वहीं अलग जूस की अपनी अलग विशेषता होती है. आज हम आपको कुछ ऐसी जूस के बारे में बताने जा रहे हैं जो सर्दियों के मौसम के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं.

गाजर और चुकंदर का जूस

गाजर और चुकंदर का जूस में आयरन, विटामिन ए, विटामिन सी और कई पोषक तत्व पाए जाते हैं जो सेहत के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं. ये जूस आपकी स्किन और सेहत दोनों के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है. आप 4 गाजर, 1 चुकंदर, हरी धनिया, 1 आंवला, अदरक, स्वाद अनुसार काला नमक और चीनी मिलाकर जूस बना सकते हैं. ये आपकी स्किन के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है.

आंवले का जूस

आंवला में विटामिन सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो इम्यूनिटी को बूस्ट करने के साथ ही स्किन और हेयर के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है. सर्दियों में आप आंवला और चुकंदर, आंवला और एलोवेरा, आंवला और लौका, गाजर और आंवला का जूस बनाकर भी सकते हैं.

चुकंदर, गाजर, अदरक, और सेब का जूस

चुकंदर, गाजर, अदरक, और सेब का जूस के सूज को एबीसी जूस भी कहा जाता है. इस जूस को पीने से इम्यूनिटी बूस्ट करने में मदद मिल सकती है. वहीं इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन ए, विटामिन बी6, विटामिन सी और कई पोषक तत्व मौजूद होते है, जो आपकी स्किन, होयर और ओवर ऑल हेल्थ के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं.

संतरे का जूस

संतरे में विटामिन सी, विटामिन ए और विटामिन बी जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं. इसमें मौजूद विटामिन सी इम्यूनिटी को बूस्ट करने में मददगार साबित हो सकता है. आप गाजर, हरा सेब, और संतरा इसके अलावा संतरे, मौसंबी, आंवले का जूस भी पी सकते हैं. लेकिन लिवर और किडनी से जुड़ी बीमारियां, एसिडिटी की समस्या और कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स का इस जूस का सेवन करने से बचना चाहिए.

# उंगलियों की ये 5 एक्सरसाइज आपको बना देंगी जीनियस, तेजी से बढ़ेगा दिमाग

बढ़ती उम्र में व्यक्ति की याददाश्त कमजोर होना एक कॉमन समस्या है। लेकिन आजकल की भागती-दौड़ती टेंशन भरी लाइफस्टाइल के चलते कम उम्र में ही लोगों को भूलने की बीमारी हो रही है। ऐसा नहीं है कि यह समस्या सिर्फ वयस्कों में देखी जा रही है बल्कि बच्चे भी इस समस्या से अछूते नहीं रह गए हैं। बच्चों के लिए भी चीजें याद रखना मुश्किल होता जा रहा है। जिसकी वजह से वो कई बार अपनी कक्षा में बाकी बच्चों से पीछे रह जाते हैं। अगर आपको भी लगता है कि आप भी छोटी-छोटी चीजें अक्सर भूल जाते हैं या आपको किसी चीज को याद रखने में कठिनाई होती है तो अपनी उंगलियों का यूज करना शुरू कर दीजिए। जी हां, दिमाग तेज करने और याददाश्त बढ़ने के लिए ये 5 आसान फिंगर मूवमेंट आपकी मदद कर सकती हैं।

### पहली एक्सरसाइज

दिमाग तेज करने वाली अपनी पहली फिंगर मूवमेंट में आपको एक हाथ की सभी उंगलियों को चोंच के आकार में एक दूसरे के साथ मिलाएं और दूसरे हाथ की हथेली के बीच में चिड़ियां की तरह चोंच मारे। इस एक्सरसाइज को दोनों हाथों से एक-एक करके 50 बार दोहराएं। ऐसा करने से एकाग्रता बढ़ने के साथ मेमोरी बूस्ट होती है।

### दूसरी एक्सरसाइज

अपने दोनों हाथों की उंगलियों को फैलाएं और दूसरे हाथ की उंगलियों में फंसा लें। इस दौरान आपकी दोनों हथेलियां एक दूसरे से जुड़ी हो। अब पहले अपने दाएं हाथ की उंगलियों को एक साथ उठाएं, फिर इस हाथ की उंगली को वापस बंद करें और दूसरे हाथ की उंगलियों को उठाएं। इस एक्सरसाइज को कम से कम 2 मिनट तक करें। ऐसा करने से तनाव कम होने के साथ एंजायटी भी कंट्रोल रहता है।

### तीसरी एक्सरसाइज

दिमाग तेज करने के साथ डिसीजन मेकिंग को भी अच्छा बनाए रखने के लिए आप ये तीसरी फिंगर ऑपोजिशन एक्सरसाइज कर सकते हैं। इस एक्सरसाइज में आप एक-एक करके अपनी सभी उंगलियों से अपने अंगूठे को छूएं।

### चौथी एक्सरसाइज

मस्तिष्क को शांत रखने के लिए इस चौथी एक्सरसाइज में %ज्ञान मुद्रा योग% जैसी तकनीक का अभ्यास करें। इस मुद्रा में दोनों हाथों की तर्जनी और अंगूठों का उपयोग किया जाता है।

### पांचवीं एक्सरसाइज

गुस्से पर कंट्रोल और ओवरथिंकिंग की समस्या को कम करने के लिए आप ये पांचवीं एक्सरसाइज कर सकते हैं। इस एक्सरसाइज को करने के लिए सबसे पहले अपनी सभी उंगलियों को मिलाकर हथेली को सीधा रखें। इसके बाद उंगलियों को आधा मोड़ें, फिर उंगलियों को चोक के आकार मे बनाए और इसके बाद मुट्ठी बना लें। इस फिंगर मूवमेंट को 2 मिनट तक करें।





# छावा के लिए विक्की कौशल ने बढ़ाया 25 किलो वजन, छह सात महीने तक घुड़सवारी करना भी सीखा

**विक्की कौशल सर्जिकल स्ट्राइक के बाद छावा फिल्म का हिस्सा बनने के लिए तैयार हो गए थे। इस ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म में विक्की ने छत्रपति संभाजी महाराज का किरदार निभाया। हाल ही में छावा के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में विक्की कौशल ने फिल्म के लिए अपने किरदार की तैयार की लेकर कुछ बातें कही हैं।**

विक्की कौशल ने बताया कि वे बहुत समय से एक एक्शन फिल्म करना चाहते थे। उन्होंने फिल्म छावा के लिए 25 किलो वजन बढ़ाया। उन्होंने बताया, मैंने जो आखिरी एक्शन फिल्म की थी, वह उरी - द सर्जिकल स्ट्राइक थी। तब से, मैं फिर से एक्शन करने के अवसर के लिए तरस रहा हूं। मुझे नहीं पता था कि वे मुझे घोड़े पर बिठाएंगे और तलवार चलाने को कहेंगे। लेकिन सब कुछ नया था। मैं घुड़सवारी नहीं जानता था, इसलिए मैंने इसके लिए प्रशिक्षण लिया, साथ ही तलवारबाजी और भाला युद्ध भी किया- हर चीज में 6-7 महीने तक उचित प्रशिक्षण शामिल था। फिर वजन बढ़ा- मैं 80 किलो से 105 किलो हो गया।

## स्टंट सीन के बारे में बताई बात

विक्की कौशल ने कहा, मैंने कई महीनों तक एक्शन ट्रेनिंग और सीक्वेंस की प्रैक्टिस की। एक्शन कोरियाग्राफर परवेज सर और उनकी टीम ने हमारा साथ दिया। टीजर में जा एक्शन दिखाया गया है वो करीब दो हजार लोगों की टीम ने कड़ी धूप में शूट किया है। इसमें 500 स्टंटमैन शामिल थे।

## इस दिन रिलीज होगी छावा

विक्की कौशल, रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना अभिनीत फिल्म छावा पहले पुष्पा 2 के साथ दिसंबर 2024 में रिलीज होने वाली थी। मेकर्स ने इसके बाद फिल्म की रिलीज की तारीख को फरवरी महीने में शिफ्ट कर दिया गया। इस फिल्म को अब 14 फरवरी को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज किया जाएगा। फिल्म के तीनों मुख्य किरदारों के लुक्स भी सामने आ चुके हैं।



# कृति ने छावा ट्रेलर को बताया ब्लॉकबस्टर, विक्की कौशल-रश्मिका मंदाना के लुक की, की तारीफ


कृति सेनन ने विक्की कौशल स्टारर फिल्म छावा के ट्रेलर की तारीफ करते हुए अपने सोशल मीडिया हैंडल पर छावा का ट्रेलर शेयर किया और साथ ही शानदार नोट भी लिखा। कृति ने अपने छावा के ट्रेलर को ब्लॉकबस्टर बताया साथ ही छावा की मुख्य जोड़ी यानी रश्मिका और विक्की के प्रभावशाली लुक की भी सराहना की है। अर्जुन कपूर, कैटरीना कैफ और आलिया भट्ट ने भी ट्रेलर की तारीफ कर चुके हैं। फिल्म 14 फरवरी को रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। कृति सेनन ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में छावा का ट्रेलर शेयर किया और लिखा, बड़े पैमाने पर मेगा ब्लॉकबस्टर लोड हो रहा है... रोंगटे! लक्ष्मण उतेकर सर !! क्या बात है !! सभी कास्ट को टैग करते हुए कृति ने लिखा सबसे अच्छा लग रहा है। रश्मिका का मराठी अवतार पसंद आया। रॉयल और बिल्कुल आश्चर्यजनक। पूरी टीम को शुभकामनाएं। रश्मिका मंदाना ने कृति के इस पोस्ट पर प्यारे इमोजी के साथ प्रतिक्रिया दी।

## कृति के अलावा आलिया-अर्जुन का पोस्ट

कृति के अलावा बॉलीवुड के कई स्टार्स ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर छावा की तारीफ की है। अर्जुन कपूर ने ट्रेलर शेयर किया और लिखा, यह शक्तिशाली कहानी और लुभावने दृश्यों के साथ एक भव्य ऐतिहासिक तमाशा का वादा करता है। 14 फरवरी को सिनेमाघरों में छावा को मिस न करें मैडॉकफिल्म्स और अरहमान। आलिया भट्ट ने भी ट्रेलर की प्रशंसा की और लिखा, ट्रेलर बिल्कुल शानदार है। हर तरफ रोंगटे खड़े हो गए। शुभकामनाएं।

## फिल्म छावा

छावा एक ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म है, जो छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है। फिल्म में विक्की कौशल मराठा साम्राज्य के संस्थापक के सबसे बड़े बेटे छत्रपति संभाजी महाराज का किरदार निभाते नजर आए। वहीं रश्मिका ने फिल्म में संभाजी महाराज की पत्नी येसूबाई भोसले का किरदार निभाया है। फिल्म में विक्की और रश्मिका के अलावा अक्षय खन्ना, आशुतोष राणा और दिव्या दत्ता भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे।



# आयुष्मान बने फिक्की फ्रेम्स के ब्रांड एंबेसडर, इंडस्ट्री में नई इनोवेशन पर करेंगे फोकस

जल्द ही फिक्की अपनी 25वीं एनिवर्सरी मनाने वाला है। फिक्की यानी फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, हर साल एक सम्मेलन करवाता है, इसमें अलग-अलग इंडस्ट्री के लोग शामिल होते हैं। इसी आयोजन के लिए आयुष्मान खुराना को ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है, वह मीडिया-एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री को रिप्रेजेंट करेंगे।

सम्मानित महसूस कर रहे हैं आयुष्मान

आयुष्मान खुराना को फिक्की फ्रेम्स का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है, इस बात से वह काफी खुश हैं। वह कहते हैं, फिक्की फ्रेम्स की 25वीं एनिवर्सरी से पहले मुझे ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है, मैं इस बात को लेकर काफी सम्मानित महसूस कर रहा हूं। जब मैं चंडीगढ़ से मुंबई आया था तो मेरी आंखों में सिर्फ सपने थे। मैंने कभी भी नहीं सोचा था कि यहां तक पहुंच पाऊंगा। मैं फिक्की द्वारा दी गई नई जिम्मेदारी से काफी खुश हूं। मैं उनके साथ मिलकर काम करने लिए पूरी तरह से तैयार हूं। हम मिलकर इंडस्ट्री में नई इनोवेशन पर काम करेंगे, इसे और बेहतर बनाने पर काम करेंगे।'

## ये सेलिब्रिटी भी आए

पहले भी कई इंटरनेशनल स्टार फिक्की फ्रेम्स के मंच पर नजर आ चुके हैं, इनमें हॉलीवुड एक्टर ह्यू जैकमैन शामिल हुए थे। फॉक्स के सीईओ जेम्स मर्डोक, मोशन पिक्चर एसोसिएशन ऑफ अमेरिका (एमपीएए) के चेयरमैन चार्ल्स एच. रिवकिन और नेशनल ज्योग्राफिक पार्टनर्स के चैयरमैन गैरी नेल भी फिक्की इवेंट का हिस्सा रहे हैं। बीबीसी ग्लोबल न्यूज के सीईओ जिम एगन और डिस्कवरी नेटवर्क इंटरनेशनल के चैयरमैन जेबी पेरेट भी फिक्की फ्रेम्स के मंच पर आ चुके हैं।

# फरारी के साथ एक और पॉप हिट देने के लिए तैयार हैं उर्वशी रौतेला



अभिनेता-निर्माता जैकी भगनानी 2025 की शुरुआत नए इरादों के साथ शुरू कर रहे हैं। उनकी कंपनी जस्ट म्यूजिक ने अपने आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर, दुनिया भर में एक नया गीत फरारी रिलीज किया है. इस भोजपुरी पॉप गीत को अक्षरा सिंह और राजा हसन ने आवाज दी है। अक्षरा ने जिस तरह से अपनी ताज़गी भरी, युवा आवाज से इस गीत में प्राण फूंकें हैं, उससे प्रशंसक रोमांचित हैं। गीत को रचा है तनिष्क बागची ने, जिनकी कृति धोलिदा ने उनके नाम की पहचान हर संगीत प्रेमी से करवा दी थी. इस संभावित चार्टबस्टर के शानदार वीडियो में प्रसिद्ध अभिनेत्री और पूर्व मिस यूनिवर्स इंडिया उर्वशी रौतेला के साथ डांस इंडिया डांस फेम के सनम जौहर भी शामिल हैं। वीडियो का निर्देशन राहुल शेट्टी ने किया है, जिन्होंने बड़ी खूबसूरती से कोरियोग्राफी भी डिजाइन की है। जैकी भगनानी कहते हैं, जस्ट म्यूजिक एक अद्वितीय स्थान बनाने का प्रयास करता रहा है जहां विविधता मुख्य है. हम प्रयास कर रहे है कि भारत की कई संगीत धाराओं को एकजुट कर, एक साथ लाएं । हमारी नवीनतम पेशकश, फ़रारी, देसी पॉप शैली का सच्चा प्रमाण है, जो पारंपरिक भोजपुरी-हिंदी लय को आधुनिक अपील के साथ मिश्रित करती है.



# कंगना रनौत कैसे बनीं बॉलीवुड क्वीन, 10 सालों में कितनी हिट; बॉक्स ऑफिस पर भी झेला नुकसान

**कंगना रनौत को एक समय हिंदी सिनेमा की सबसे बेहतरीन अभिनेत्री के रूप में जाना जाता था, लेकिन जब बॉक्स ऑफिस पर सफलता की बात आती है, तो उनके हाल ही में किए गए काम में बहुत बड़ा अंतर है। कंगना लगभग एक दशक से बॉक्स ऑफिस पर सफलता से दूर हैं। उनकी हालिया रिलीज इमरजेंसी भी इस चलन को तोड़ने में सक्षम नहीं हो पा रही है।**

## जब कंगना थीं बॉलीवुड क्वीन

2011-15 तक इमरजेंसी अभिनेत्री ने कई फिल्मों में काम किया, जिसमें क्वीन, तनु वेड्स मनु और तनु वेड्स मनु रिटर्न्स के बीच उन्होंने तीन बार सबसे ज्यादा कमाई करने वाली महिला प्रधान बॉलीवुड फिल्म का रिकॉर्ड तोड़ा। इन सभी फिल्मों में उनके साथ कोई बड़ा पुरुष कलाकार नहीं था फिर भी इन सभी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया। तनु वेड्स मनु रिटर्न्स की सफलता के बाद से, कंगना ने 11 फिल्मों में अभिनय किया है, जिसमें इमरजेंसी भी शामिल है, जो 17 जनवरी को रिलीज हुई थी। इमरजेंसी से पहले उनकी आखिरी दो रिलीज - तेजस और धाकड़ भी बुरी तरह से फ्लॉप रहीं। इन फिल्मों के रिकॉर्ड्स देखते हुए कंगना की एक भी फिल्म पिछले 10 सालों में अच्छा कारोबार नहीं कर पाई, जिसमें मणिकर्णिका - द क्वीन ऑफ झांसी ने कथित तौर पर भारत में 92 करोड़ रुपये और दुनिया भर में 133 करोड़ रुपये की कमाई की, लेकिन इस फिल्म का बजट काफी बड़ा था, उसक हिसाब से यह एक साफ हिट नहीं थी और बॉक्स ऑफिस पर औसत कमाई करने वाली फिल्म बन गई।

## फिल्म के बजट तक का रुपया भी नहीं जुटा पाई कंगना की फिल्में

महामारी से पहले कंगना की कुछ फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया था। इसमें मुख्य रूप से मणिकर्णिका, पंगा, तेजस, धाकड़ और थलाइवी जैसी फिल्म हैं, लेकिन कोविड के बाद उनकी फिल्में टिकट खिड़की पर औंधे मुंह गिर गईं। तेजस, धाकड़ और थलाइवी का संयुक्त बजट 255 करोड़ रुपये था, लेकिन उनका बॉक्स ऑफिस कलेक्शन सिर्फ 17 करोड़ रुपये रहा, जिसका मतलब है कि बॉक्स ऑफिस राजस्व निवेश से 93 प्रतिशत कम रहा। 85 करोड़ रुपये के बजट में बनी एक्शन फिल्म धाकड़ सबसे खराब रही, जिसने दुनिया भर में महज 3 करोड़ रुपये की कमाई की।

## क्या बदलेगी कंगना की स्थिति?

इमरजेंसी कंगना रनौत की सबसे बड़ी फिल्म हो सकती थी। निर्देशक के रूप में, कंगना का प्रयास अच्छा रहा और फिल्म का विषय भी रचनात्मक था। फिर भी, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई। 60 करोड़ रुपये के कथित बजट पर बनी इमरजेंसी अपने पहले छह दिनों में भी 15 करोड़ तक पहुंचने के लिए लगातार संघर्ष कर रही है।



# लड़कियों के लिए अपने फैसले खुद लेना जरूरी क्षेत्रीय कलाकारों को मौका नहीं मिलता

मराठी थिएटर और सिनेमा का चर्चित नाम रही एक्ट्रेस अनुजा साठे अपनी अदाकारी के दम पर हिंदी दर्शकों का दिल भी जीत चुकी हैं। तमन्ना और पेशवा बाजीराव जैसे टीवी शो हों या महारानी और एक थी बेगम जैसी वेब सीरीज, अनुजा ने सशक्त किरदारों में पर्दे पर अपनी छाप छोड़ी। इन दिनों वह फिल्म मैच फिक्सिंग के लिए चर्चा में हैं।

**आपने थिएटर, मराठी-हिंदी सिनेमा, टेलीविजन, वेब सीरीज, कई माध्यमों में काम किया है। जबकि, सभी माध्यमों की अलग-अलग जरूरत होती है। एक से दूसरे माध्यम में स्विच करना कितना मुश्किल रहा? इसमें सबसे चुनौतीपूर्ण क्या रहा?**

मुझे अपने काम से प्यार है। मुझे एक्टिंग करना बहुत पसंद है और जब आप अपने काम से प्यार करते हैं, तो माध्यम से फर्क नहीं पड़ता। आप हर जगह दिल से काम करते हैं। मेरी खुशनसीबी यह रही कि टीवी हो या ओटीटी, मुझे वैसे साधारण या हल्के-फुल्के किरदार नहीं मिले। मुझे हमेशा मजबूत करैक्टर ऑफर हुए तो मुझे किसी मीडियम में दिक्कत नहीं हुई, लेकिन मेरा जो पहला हिंदी टीवी शो था- तमन्ना, वो काफी चैलेंजिंग था, क्योंकि वह एक फीमेल क्रिकेटर की कहानी थी, तो काफी ट्रेनिंग करनी थी। फिर, मराठी से पहली बार मैं हिंदी में स्विच कर रही थी। उस पर मुझे याद है कि पहले वह शो पांच दिन टेलिकास्ट होने वाला था, मगर अचानक सातों दिन टेलिकास्ट का फैसला आ गया, इसलिए मैं हर वक्त भागती रहती थी। एक मिनट के लिए भी बैठती नहीं थी, जो बहुत हेक्टिक था। वो शो फिजिकली और मेंटली बहुत चुनौतीपूर्ण था।

**आपने सही कहा, तमन्ना हो या एक थी बेगम, पर्दे पर आपने हमेशा एक सशक्त महिला को जिया है। आपके लिए सशक्तिकरण क्या है? औरतों के सशक्तिकरण में आप सबसे बड़ी बाधा क्या मानती हैं?**

मेरे लिए सशक्तिकरण यह है कि आप किसी के ऊपर निर्भर नहीं हैं। आप खुद अपने पैसे कमाती हैं। कोई आपका खर्चा नहीं उठा रहा है, यह एहसास ही अलग होता है, लेकिन आप कमा नहीं भी रही हैं, फिर भी अगर अपने फैसले खुद लेती हैं, खुद तय करती हैं कि अपनी जिंदगी को कहां ले जाना है, तो भी मेरी नजर में आप आत्मनिर्भर हैं। मेरे लिए वह भी सशक्तिकरण है। मेरा मानना है कि समाज बदल रहा है लेकिन अभी भी काफी बदलाव आना बाकी है। खास तौर पर छोटे शहरों, गांवों, कस्बों में आज भी यही सोच है कि औरतों को शादी करके बच्चे पालना चाहिए, उनकी देखभाल करना चाहिए, बाकी तो सब तुम्हें मिल ही रहा है लेकिन यह सोच बदलनी चाहिए।

**फिल्म इंडस्ट्री में इन दिनों सिनेमा के बजाय प्रॉजेक्ट बनाए जाने की बातें खूब हो रही हैं। आप इंडस्ट्री की बेहतरी के लिए क्या बदलाव जरूरी मानती हैं?**

मुझे लगता है कि हमारे पास क्षेत्रीय टैलंट बहुत ज्यादा है, जिन्हें लाइमलाइट में आने में बहुत वक्त लगता है। काबिलियत होने के बावजूद उन्हें वह नाम और शोहरत नहीं मिलता, जिसके चलते वे दूसरों से पीछे रह जाते हैं। मेरे हिसाब से उन्हें मौका मिलना बहुत जरूरी है, जो हमारे यहां नहीं होता। मैं कहना चाहती हूं कि आप इन प्रतिभाओं पर भरोसा करके मौका देकर तो देखो, वरना वे कैसे आगे आ पाएंगे। ऐसे बहुत से टैलेंटेड कलाकार अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं।

# पंजाब 95 की रिलीज में हो रही देरी पर दिलजीत ने तोड़ी चुप्पी

अभिनेता और गायक दिलजीत दोसांझ की फिल्म पंजाब 95 की रिलीज कई बार टल चुकी है। 23 जनवरी को दिलजीत ने पंजाबी में एक पोस्ट शेयर करते हुए फिल्म के जल्द रिलीज होने की संभावना जताई। फिल्म के संवेदनशील विषय के कारण सेंसर बोर्ड ने निर्माताओं को 120 कट लगाने की सलाह दी थी। पंजाब 95 फिल्म मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालड़ा के जीवन पर आधारित है। दिलजीत ने फिल्म से अपना लुक शेयर करते हुए लिखा, आज या कल, सच सामने आएगा। इसे कोई नहीं रोक सकता। फिल्म की अंतर्राष्ट्रीय रिलीज 7 फरवरी को तय की गई थी, लेकिन अब इसे टाल दिया गया है।



# मितानिनों को मोबाईल एकेडमी कोर्स पूरा करने पर प्रशस्ति पत्र वितरित

**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** जिले में मितानिनों एवं आशा बहनों के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए मोबाईल एकेडमी कोर्स में शत प्रतिशत उपलब्धि की ओर अग्रसर है।कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गार्गी यदु पाल के मार्गदर्शन में जिले के सभी पांचों विकासखण्ड में मोबाईल एकेडमी कोर्स पूरा करने से सभी मितानिनों के कौशल और कार्य कुशलता में बेहतर बदलाव देखने को मिल रहा है।जिससे उनके कार्यों की गुणवत्ता भी बढ़ी है।26 जनवरी को कोर्स पूरा करने वाली मितानिनों को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मोबाईल एकेडमी कोर्स मितानिनों के लिए भारत सरकार द्वारा खास तौर पर तैयार किया गया। मोबाइल एप पर आपसी संवाद का ट्रेनिंग कोर्स है,जो कि बिल्कुल मुफ्त है।कोर्स का सर्टिफिकेट पाने के लिए मितानिनों को टोल फ्री नंबर 14424 पर डॉयल करके 44 पाठ सुनना होता है।और 11 बार सवालों के जवाब देना होता है। और 44 में से 22 अंक हासिल करने वाले मितानिनों को मोबाइल अकादमी की ओर से एक एसएमएस प्राप्त होता है।भारत सरकार द्वारा एक सर्टिफिकेट प्राप्त होता है। कोर्स पूरा करने से मितानिनों के कौशल में वृद्धि होती है और उनके कार्यों की गुणवत्ता में सुधार होता है। यह कोर्स राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भारत सरकार द्वारा लाया गया है।इसमें मोबाइल फोन पर डॉ.अनिता की आवाज सुनाई देती है जो संवाद के जरिए पूरी ट्रेनिंग संपादित करती है। साथ में इनके असिस्टेंट रमेश द्वारा मोबाइल अकादमी के इस्तेमाल का तरीका बताया जाता है। लगभग 240 मिनट के इस ट्रेनिंग कोर्स में माता के गर्भावस्था से लेकर बच्चे के जन्म के दो साल तक की संपूर्ण जानकारी मौजूद है।इसके जरिए मां-बच्चे की अनमोल जिंदगी बचाने में मितानिनों को सहायता मिलती है।इस कोर्स को ग्यारह भागों में बांटा गया है हर हिस्से में चार पाठ और हिस्से के अंत में सवाल जवाब का खेल है। मोबाइल अकादमी कोर्स मितानिनों की कार्यकुशलता को बढ़ाने के साथ साथ काम को आसान भी बनाता है। यह तकनीक स्वास्थ्य जानकारी को फ़िर से तरो-ताजा कर देती है तथा गर्भावस्था से जन्म लेने और बच्चे के पालन पोषण में जरूरी सलाह मिलने से परिवारों को स्वस्थ जिंदगी जीने के लिए प्रेरित करने में मदद करती है। इस कार्यक्रम में जिला गरियाबंद से जिला डाटा मैनेजर एवं टेक्निकल सर्पोट हेतु स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा अरमान द्वारा किलकारी एवं मोबाईल एकाडेमी तथा अमन चांडक संभागीय कार्यक्रम अधिकारी रायपुर एवं दुर्ग जिला द्वारा सतत प्रयास किया जा रहा है ।



## खबर-खास

### सैमसंग ने एजुकेशन को दी नई दिशा: स्मार्ट टीवी पर EMBIBE का AI-पावर्ड लर्निंग प्लेटफ़ॉर्म हुआ उपलब्ध

**गुरुग्राम:** भारत के अग्रणी उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने EMBIBE के साथ एक नई साझेदारी की घोषणा की है। EMBIBE एक एआई-आधारित पर्सनलाइज्ड लर्निंग प्लेटफ़ॉर्म है, जिसे छात्रों की सीखने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी और सहज बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस सहयोग के तहत EMBIBE को सैमसंग के एजुकेशन हब ऐप में जोड़ा जाएगा। यह ऐप विशेष रूप से टीवी पर शैक्षिक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए तैयार किया गया है, जिससे छात्रों को एक व्यक्तिगत और इंटरएक्टिव सीखने का अनुभव मिलेगा। इस साझेदारी का उद्देश्य छात्रों को उनकी पढ़ाई में सहायता प्रदान करना है, चाहे वे CBSE, ICSE, IB, कैम्ब्रिज, या किसी राज्य बोर्ड के पाठ्यक्रम में हों। इसके साथ ही, यह IIT JEE और NEET जैसी प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी में भी मदद करेगा। सैमसंग एजुकेशन हब पर EMBIBE के माध्यम से उपलब्ध कराए गए इमर्सिव 3D व्याख्यात्मक वीडियो छात्रों के लिए सबसे कठिन विषयों को भी समझना आसान बनाएंगे। इन वीडियो को इस तरह डिज़ाइन किया गया है कि पढ़ाई का अनुभव न केवल प्रभावी हो, बल्कि रोचक और आकर्षक भी हो। इस पहल के माध्यम से, सैमसंग और EMBIBE मिलकर यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि टीवी सिर्फ मनोरंजन का माध्यम न रहकर, एक ऐसा उपकरण बन जाए जो छात्रों की शिक्षा और उनके भविष्य को बेहतर बनाने में सहायक हो।

### सैमसंग की नई पेशकश: 19 मॉडल्स के साथ बेस्पोक AI विंडफ्री एसी रेंज लॉन्च

**गुरुग्राम:** सैमसंग,भारत के प्रमुख उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड,ने आज अपनी नई 2025बेस्पोक एआई विंडफ्री एयर कंडीशनर्स की सीरीज लॉन्च की। यह सीरीज अत्याधुनिक एआई तकनीक और प्रीमियम डिजाइन का बेहतरीन मेल है। 19मॉडलों की यह रेंज भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन की गई है,जो न केवल भीषण गर्मियों का समाधान प्रदान करती है,बल्कि आराम,सुविधा और ऊर्जा दक्षता का वादा भी करती है। यह सीरीज एआई-संचालित इनोवेशंस के साथ बदलते मौसम के हिसाब से खुद को ढालने में सक्षम है। विंडफ्री कूलिंग तकनीक कमरे में ठंडी हवा को सीधे शरीर पर पड़ने से रोकते हुए 23,000माइक्रो होल्स के जरिए धीरे-धीरे हवा फैलाती है। इसके एआई फास्ट और कम्फर्ट कूलिंग फीचर से कमरा तेजी से ठंडा होता है और फिर बिजली बचाने के लिए ऊर्जा-कुशल सेटिंग्स पर शिफ्ट हो जाता है। आधुनिक जीवनशैली को ध्यान में रखते हुए इस सीरीज में स्मार्टथिंग्स कनेक्टिविटी का उपयोग किया गया है। इसमें रिमोट निगरानी के लिए मैप व्यू और सहज नियंत्रण के लिए क्विक रिमोट जैसे उन्नत फीचर्स शामिल हैं। सैमसंग की यह नई रेंज उपभोक्ताओं को न सिर्फ आरामदायक ठंडक प्रदान करती है,बल्कि बिजली बचत और स्मार्ट तकनीक के साथ एक बेहतर अनुभव का भी वादा करती है। घर से काम करने वाली पीढ़ी के लिए सैमसंग का बेस्पोक एआई विंडफ्री एसी न सिर्फ कूलिंग में बेहतरी लाता है, बल्कि इसे और भी स्मार्ट बनाता है। ये एयर कंडीशनर सैमसंग के स्मार्टथिंग्स ऐप के साथ वाई-फाई के जरिए आसानी से जुड़ सकते हैं।

### सिम्फनी लिमिटेड ने स्वस्थ बालों और त्वचा के लिए हेयर फॉल कंट्रोल गीजर रेंज लॉन्च करने के के साथ वॉटर हीटिंग सॉल्यूशन क्षेत्र में प्रवेश किया

**अहमदाबाद:** सिम्फनी लिमिटेड ने वॉटर हीटिंग सॉल्यूशन क्षेत्र में प्रवेश किया है। कंपनी ने 9-लेयर पुरोपॉड टेक्नोलॉजी के साथ वॉटर हीटर की एक श्रृंखला लॉन्च की है जो कठोर पानी को नरम पानी में परिवर्तित करने के साथ हानिकारक रसायनों एवं असुद्धिओ को फ़िल्टर करती है, जो बालों के झड़ने के मुख्य कारणों में से एक है। कंपनी ने वॉटर हीटर सेगमेंट में 3 मॉडल - 9 एसकेयू - सिम्फनी स्पा, सिम्फनी सौना और सिम्फनी सोल 10-लीटर, 15-लीटर और 25-लीटर क्षमता में लॉन्च किए हैं। फाइव स्टार रेटेड वॉटर हीटर की रेंज सौंदर्य की दृष्टि से आकर्षक, हेवी-ड्यूटी हीटिंग तत्व, बेहतर स्थायित्व के लिए टाइटेनियम प्रो कोटिंग, लंबी उम्र के लिए मैग्नीशियम रॉड और व्यापक सुरक्षा सुविधाओं के साथ आती है। इसके अतिरिक्त, कंपनी ने अपनी सिम्फनी स्पा रेंज में स्मार्टबाथ तकनीक पेश की है। यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा संचालित भारत का पहला वॉटर हीटर है। इसकी टेक्नोलॉजी एक स्प्लैश-प्रूफकंट्रोलर से बनाई गई है जो उपभोक्ताओं को अपने गीजर को शॉवर क्षेत्र के साथ-साथ दूर से भी आसानी से संचालित करने की सहूलियत देती है, जिससे उपयोग में आसानी और अधिक सुरक्षा सुनिश्चित होती है। कंट्रोलर में टाइम और टेंपरेचर कंट्रोल, जेस्चर कंट्रोल, चाइल्ड सेफ मोड इत्यादि सहित स्मार्ट सुविधाएं भी शामिल हैं।

# रोहिना में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य कबड्डी प्रतियोगिता में अपने निस्वार्थ सेवा भाव के लिए सम्मानित हुए शिक्षक सूरज पटेल

**शंकर लहरे/ सरायपाली ( समय दर्शन )।** शासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय-रोहिना में पदस्थ शिक्षक सूरज पटेल को, उनके शिक्षा के क्षेत्र में नि:स्वार्थ सेवा कार्य के लिये युवा आजाद समिति रोहिना द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य कबडडी प्रतियोगिता में आजाद मैदान में हजारों खेलप्रेमियों व ग्रामवासियों के मध्य सम्मानित किया गया।



शिक्षक सूरज पटेल एक आदर्श व सेवा के प्रति समर्पित शिक्षक हैं व विद्यालय में छात्रों को गणित व विज्ञान विषय बड़े ही रोचक व नवाचारी गतिविधियों से शिक्षण का कार्य करते हैं। साथ ही वे विद्यालय से बचे हुये बाकी समय में नि:शुल्क पटेल कोचिंग क्लासेस का संचालन अपने गृह ग्राम बरतियाभांठा (भंवरपुर)में करते हैं।आज जबकि पूरे देश में कोचिंग क्लास व्यापार व पैसा कमाने का जरिया बन चुका है ऐसे समय में नि:शुल्क कोचिंग क्लास का संचालन दुर्लभ है। वे गणित व भौतिकी विषय का अध्यापन करते हैं।

इनके कोचिंग क्लास में गॉव,गरीब ,पिछड़े हुए परिवार के बच्चे अध्ययन करने आते हैं।वे नवोदय चयन परीक्षा,प्रयास चयन परीक्षा व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की छात्रों को तैयारी करवाते हैं।

इस वर्ष नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में कक्षा 11 वीं में ग्राम रोहिना के ही छह विद्यार्थियों का चयन हुआ है ,जो शासकीय हाई स्कूल रोहिना में अध्ययन रत थे।

उन्हें ग्रामीण प्रतिभा को तरासने, निखारने,दुरस्त ग्रामीण अंचलों में शिक्षा की दीप जलाने के लिए युवा आजाद समिति रोहिना द्वारा सम्मानित किया गया है।

# कलेक्टर लंगेह का कार्यालयों में सतत् निरीक्षण जारी

**समय से पांच मिनट पहले डीईओ ऑफिस पहुंचे कलेक्टर**

**जिला शिक्षा कार्यालय का किया औचक निरीक्षण**

**अनुपस्थित कर्मचारियों को मिलेगा नोटिस**

**सभी शासकीय कार्यालय समय पर खुले और अधिकारी कर्मचारी समय पर पहुंचे - कलेक्टर**



**महासमुंद,( समय दर्शन )।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह का शासकीय कार्यालयों में सतत् निरीक्षण जारी है। निरीक्षण के दौरान स्वयं 5 मिनट पहले पहुंच जाते है और दैनंदनी लेकर हाजिरी लेते हैं। उनके औचक और सतत् निरीक्षण से प्रशानिक काम काज में कसावट और कार्यालयों में उपस्थिति देखने को मिल रही है। कलेक्टर श्री लंगेह आज बुधवार सुबह ठीक 9.55 बजे जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) कार्यालय पहुंचे और कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। दैनंदिनी लेकर स्वयं हाजिरी लिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान कार्यालय की कार्यप्रणाली की जानकारी ली और कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया गया। इस दौरान पांच कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थित कर्मचारियों में मुख्य लिपिक श्री एल. आर. तारम, वरिष्ठ लेखा परीक्षक एस. जे. कुरैशी, सहायक ग्रेड-01 चैन सिंह दीवान, सहायक ग्रेड-02 मनोज पुरी गोस्वामी, और डाटा एंट्री ऑपरेटर श्याम लाल साहू शामिल हैं। कलेक्टर लंगेह ने इस अनुशासनहीनता को गंभीरता से लेते हुए अनुपस्थित कर्मचारियों को तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। साथ ही, उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आवश्यकतानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक भी मौजूद थे।

इसके अलावा, उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी बी. आर.सावंत को निर्देश दिए कि कार्यालय में अनुशासन बनाए रखा जाए और सभी कर्मचारी समय पर उपस्थित रहें। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यों में किसी भी प्रकार की बाधा स्वीकार्य नहीं होगी ।

# गरियाबंद में मनाया गया सड़क सुरक्षा माह, प्राथमिक उपचार कर तात्कालिक सहायता पहुंचाने के संबंध में दिया प्रशिक्षण



**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** जिले में प्रति दिन सड़क सुरक्षा के लिए तैनात ट्रैफिक पुलिस जवानों और गरियाबंद नगर को साफस्वच्छ रखने स्वच्छता के लिए समर्पित स्वच्छता दीदीयों के लिए जिला स्वास्थ्य समिति गरियाबंद ने अनूठे तरीके से सहयोग किया है।कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देश पर जिले की मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गार्गी यदु पाल के मार्गदर्शन में जिले में ट्रैफिक व्यवस्था और सड़क सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर ट्रैफिक पुलिस के जवानों को डॉ.मेदिनी श्याम एवं डॉ प्रकाश साहू द्वारा फर्स्ट एड किट (प्राथमिक उपचार किट) प्रदाय कर उन्हें सड़क दुर्घटना के दौरान घायल हुए अथवा चोट लगने पर लोगों की एम्बुलेंस आते तक प्राथमिक उपचार कर तात्कालिक सहायता पहुंचाने के संबंध में प्रशिक्षण भी दिया गया।स्वास्थ्य विभाग के इस पहल से सड़क दुर्घटना में घायल हुए लोगों को चोट लगने पर हुए अधिक रक्तस्राव को रोकने में काफी मदद मिलेगी।ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों ने स्वास्थ्य विभाग के इस पहल का स्वागत करते हुए इसे जनहित के लिए सराहनीय कदम बताया है।इसी तरह से जिले को साफ-सुथरा रखने के लिए हमेशा तत्पर स्वच्छता दीदी के रूप में कार्यरत स्वच्छता कर्मियों का स्वास्थ्य टीम के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें भी फर्स्ट एड किट प्रदाय किया गया। साथ ही फर्स्ट एड किट का उपयोग के बारे में प्रशिक्षण दिया गया।अक्सर देखने में आता है कि घरों से या नालियों में जमा कचरा को निकालने अलग करने के दौरान उन्हें किसी नुकीली धारदार जंग लगी लोहे या टूटे कांच आदि से हाथ या पैर में चोट लग जाती है, खून ज्यादा बहने व समय पर प्राथमिक चिकित्सा नहीं कराने से चोट या घाव गंभीर होने का खतरा रहता है। ऐसे में स्वच्छता कर्मियों के पास भी फर्स्ट एड किट उपलब्ध रहने से वे अपने सहकर्मियों की तत्काल मदद कर सकते हैं।स्वास्थ्य जांच टीम में डॉ गौतमी रानी चन्द्राकर,डॉ दौलत सिंह,फार्मासिस्ट रविशंकर यादव,एएनएम सुमेश्वरी भांडेकर सहित भारतीय यूथ रेडक्रास सोसायटी के सदस्यों का सहयोग रहा।स्वच्छता दीदीयों ने फर्स्ट एड किट मिलने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही और में अपने बेहतरीन परफॉरमेंस को जारी रखा

**इंदौर।** शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड (एसपीआईएल) ने 31 दिसंबर 2024 को खत्म होने वाली तिमाही और नौ महीने समाप्त होने पर वित्तीय परिणामों की घोषणा की। शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड के चेयरमैन, श्री दिनेश पाटीदार ने कंपनी के परफॉरमेंस पर हर्ष जताते हुए कहा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमारी कंपनी ने प्रतिष्ठित ग्रेट प्लेस टू वर्क सर्टिफिकेट प्राप्त किया है. जो हमारी मजबूत और मोटीवेटेड टीम की बदौलत हासिल हुआ है, जिसने कंपनी के विकास में अपना योगदान दिया है। कंपनी को मिले ऑर्डर्स के परफॉरमेंस और इफिशिएंसी के कारण स्ट्रॉग फाइनेंशियल परफॉरमेंस के कारण बेहतरीन वित्तीय प्रदर्शन किया है, जिसके परिणामस्वरूप मार्जिन में भी बढ़ोतरी हुई है। 31 दिसंबर 2024 तक, कंपनी के पास कुल 2070 करोड़ रुपये (जीएसटी सहित) के ऑर्डर थे, जिन्हें अगले एक साल में पूरा करना है। इस तिमाही में, कंपनी को महाराष्ट्र की मैगेल त्याला सौर कृषि पंप स्कीम के तहत 25,000 पंपों के लिए 754.3 करोड़ रुपये का बड़ा ऑर्डर मिला। इसके अलावा, हरियाणा रिन्यूएबल एनर्जी डिपार्टमेंट (एचएआरईडीए) से 3,174 पंपों के लिए 116.36 करोड़ रुपये का ऑर्डर भी प्राप्त हुआ।

### ग्लोब टेक्सटाइल्स का 4,504 लाख रुपये का राइट्स इश्यू पहले ही दिन 14.69 प्रतिशत सब्सक्राइब हुआ

**अहमदाबाद:** ग्लोब टेक्सटाइल्स (इंडिया) लिमिटेड के 4,504 लाख रुपये के राइट्स इश्यू को पहले ही दिन 14.69त्न का सब्सक्रिप्शन प्राप्त हुआ। कंपनी टेक्सटाइल प्रोडक्शन, सूती प्रिंटेड फैब्रिक्स, होम टेक्सटाइल्स और फैंसी फैब्रिक्स के उत्पादन में अग्रणी प्लेयर है। यदि राइट्स इश्यू की प्रमुख जानकारियों के बारे में बात करें तो -राइट्स इश्यू 24 जनवरी को खुला था और अब 6 फरवरी को बंद होगा। शेयर मूल्य 3 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है, जबकि 24 जनवरी को खुलते ही शेयर का बाजार मूल्य 3.78 रुपये था। 17 जनवरी 2025 की रिकॉर्ड तिथि पर पात्र शेयरधारकों को 1:2 के अनुपात में शेयर मिलेंगे (हर दो शेयरों पर एक नया शेयर)। राइट्स एंटाइटलमेंट (GLOBE-RE1) के तहत नए निवेशक भी इस इश्यू में भाग ले सकते हैं। ग्लोब टेक्सटाइल्स के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर भाविक पारिख ने कहा, पहले ही दिन लगभग 15त्न सब्सक्रिप्शन मिलना हमारी कंपनी में निवेशकों के विश्वास को दर्शाता है। इस राइट्स इश्यू के माध्यम से हम स्ट्रेटेजिक एक्सपान्शन और एक्विजिशन के लिए जरूरी फंड जुटाना चाहते हैं, जिससे लोन्ग टर्म ग्रोथ संभव होगा।

# नगरपालिका सरायपाली अध्यक्ष व पार्षदों ने धूमधाम व बाजेगाजो के साथ किया नामांकन दाखिल

**अध्यक्ष पद के लिए 4 व पार्षद पद हेतु 51 दावेदारों ने नामांकन दाखिल किया**

**सरायपाली ( समय दर्शन )।** नगरपालिका परिषद हेतु आज नामांकन प्रक्रिया पूर्ण हो गई । अध्यक्ष व पार्षद पद हेतु कुल 55 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया । अध्यक्ष हेतु 4 व पार्षद पद हेतु 51नामांकन दाखिल किए गए । जिनमे अध्यक्ष पद हेतु , सरस्वती पटेल ,सुखविंदर रैना ,वृन्दावती भोई व डिंकी सेन ने नामांकन दाखिल किया । पार्षद पद हेतु वार्ड क्रमांक 1 से युगांत कुमार मिरी ,खीरचंद बारी , दुर्गा बारी ,भरत मेश्राम व बिहारी चौहान । वार्ड क्रमांक 2 से नितेश प्रधान ,जयप्रकाश यादव व माधव दास । वार्ड क्रमांक 3 से देवीदत्त अग्रवाल , विकास कुमार सिंह ,विनोद कुमार सिंह ,रेखा यादव व संगीता सिंह ।

वार्ड क्रमांक 4 से बंशीगोपाल चन्द्र ,शेख कदीर , शिवा जायसवाल , वीरेन्द्र यादव व पारस जायसवाल । वार्ड क्रमांक 5 से रोहित प्रधान । वार्ड क्रमांक 6 शेख इलियास ,ऋषभ गुप्ता ,रमीज रजा खान , जमील हुसैन । वार्ड क्रमांक 7 से सविता जायसवाल ,केकती जायसवाल व नीला नायक । वार्ड क्रमांक 8 से युवराज गिरी गोस्वामी , आशीष गोस्वामी व राजकुमार प्रजापती । वार्ड क्रमांक 9 से हेमंत प्रधान , कृष्णचंद्र सेठ व रश्मि साहू । वार्ड क्रमांक 10 से पार्वती बाई , शीतल अग्रवाल ,दिव्या सेन व शाहजंहा बेगम । वार्ड क्रमांक 11 से डोली सेन ,बलजीत सलुजा , तबस्सुम परवीन ,सरोजनी पाणिग्राही व राजकुमार सिंह सिदार । वार्ड क्रमांक 12 से चारूलता सिंह ,कोमल अग्रवाल व धरित्रि दास । वार्ड क्रमांक 13 से गंगाराम पटेल व शंभुलाल चौहान । वार्ड क्रमांक 14 से चन्द्रमणी भोई व पंकज मरकाम तथा वार्ड क्रमांक 15 से मेमबाई चौहान ,मेहतरीन बाई चौहान व राखी चौहान द्वारा बड़े ही धूमधाम व बाजे गाजे के साथ अपने समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल किया ।

नाम वापसी की अंतिम तिथि 31 जनवरी है । नाम वापसी के बाद ही




वास्तविक प्रत्याशियों के चुनाव लड़ने वालो का नाम सामने आयेगा । अभी तक कि स्थिति में अध्यक्ष पद हेतु 4 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है । इसमे किसी के नाम वापस लेने की कोई संभावना दिखाई नही दे रही है । दो वार्ड क्रमश: 13 व 14 में दो दो प्रत्याशी होने से यहां कांग्रेस व भाजपा में सीधी टक्कर है तो वही वार्ड क्रमांक 5 में सिर्फ 1ही प्रत्याशी द्वारा नामांकन दाखिल किए जाने के कारण निर्विरोध चुने जाने तय है ।शेष सभी वार्डो में 3 से 5 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है ।

अभी तक कि स्थिति के अनुसार सर्वाधिक दिलचस्प मुकाबला वार्ड क्रमांक 3 , 6 , 8 , 10 व 11 के बीच रहेगा । इन वार्डो में सभी की नजर है । कुल स्थिति देखी जाये तो लगभग 10 वार्डो में भाजपा को कड़े मुकाबलों का सामना करना पड़ सकता है । वार्ड क्रमांक 4 से पूर्व में घोषित प्रत्याशी शिवा जायसवाल के स्थान पर पूर्व नपाध्यक्ष के चहेते बंशी गोपाल चंद्रा को अधिकृत प्रत्याशी के रूप में घोषणा कर शिवा जायसवाल का नाम वापसी कराया जा सकता है । हालांकि नामांकन दोनों ने दाखिल किया है ।

अध्यक्ष पद हेतु कांग्रेस से टिकिट नही मिलने व सामान्य महिला के लिए आरक्षित सीट से सामान्य महिला को टिकिट न देकर अन्य वर्ग से टिकिट दिए जाने से नाराज पूर्व पार्षद व सभापति रहे हरदीपसिंह रैना ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा देकर अपनी पत्नी सुखविंदर रैना को मैदान में उतारा है । इस निर्णय से कांग्रेस के लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती है ।

ष्ट्व भाजपा को राहत देने वाली खबर ष्ट्व

नपाध्यक्ष हेतु भाजपा के लिए राहत भरी खबर आने के बाद जोर शोर से नामांकन दाखिल किया गया । कुछ दिनों तक भाजपा नेता व प्रत्याशी काफी परेशान व असहज महसूस कर रहे थे ।

संगम सेवा समिति के नाम से सामाजिक , धार्मिक व जनहित के कार्यो में पिछले कई वर्षों से काम करने वाले व आम जनों में अपनी पहचान व पकड़ बनाने वाले संरक्षक प्रखर अग्रवाल द्वारा भी अपनी प्रखर दावेदारी की गई थी । जिसकी वजह से अंतिम समय मे प्रखर की टिकिट काट दिए जाने से उनके निर्दलीय चुनाव लड़ने की संभावना व इससे भाजपा को झटका लगने की आशंका को देखते हुवे प्रदेश स्तर तक के नेताओ को समझाइश के लिए लगा दिया गया था । नामांकन के दिन स्थानीय नेताओ को प्रखर को मनाते देखा गया । अंतत: प्रखर द्वारा पार्टी के सामने आत्मसमर्पण कर दिए जाने से जहां भाजपा ने राहत की सांस ली तो वही प्रखर के इस निर्णय से उनके समर्थकों व शुभचिंतकों में काफी नाराजगी व आक्रोश भी दिखाई दे रहा है । जीत की पूरी संभावना के बीच प्रखर के इस निर्णय का काफी लोगो ने विरोध भी किया है यहां तक भाजपा व कांग्रेस से नाराज एक समाज ने आश्वस्त किया था कि उनके समाज का 90 प्रतिशत वोट प्रखर को मिलेगा । इस समाज ने भी प्रखर के इस निर्णय पर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुवे भविष्य में और समर्थन नही किये जाने की बात कही है । इसके साथ ही विभिन्न वार्डो में जहां जहां प्रखर द्वारा जनहित से जुड़े बुनियादी आवश्यकताओ जैसे भीषण गर्मी में पानी टेंकरो से पेयजल उपलब्ध कराकर व अन्य क्षेत्रों में कार्य कर लोगो का दिल जीत था वह वार्डवासी भी इस अप्रत्याशित निर्णय से नाराज हैं । प्रखर का यह वर्तमान निर्णय उसके राजनैतिक भविष्य को निर्धारित करेगा ।

ष्ट्व रोहित प्रधान निर्विरोध निर्वाचित होंगे ष्ट्व

वार्ड क्रमांक 5 में एकमात्र प्रत्याशी रोहित प्रधान निर्विरोध

# संक्षिप्त-खबर

## अंकु राकेश अग्रवाल ने सरपंच पद के लिए किया नामांकन दाखिल



**बसना ( समय दर्शन )।** जनपद पंचायत बसना अंतर्गत ग्राम पंचायत गढ़फुलझर सरपंच पद सामान्य महिला हेतु आरक्षित है। ग्राम पंचायत के चहुंमुखी विकास का सपना एवं गांव हर गरीब मजदूर के हाथों में रोजगार दिये जाने के उद्देश्य को लेकर ग्राम पंचायत गढ़फुलझर सरपंच पद के लिए अपने समर्थकों व ग्रामीणों के सहयोग से गर्मजोशी के साथ नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के पश्चात् मीडिया से बातचीत करते हुए अंकु राकेश अग्रवाल ने कहा कि विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ के उद्देश्य को लेकर विकसित गांव मेरा सपना है। पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर मैं संकल्पित हूं। गांव के सभी मतदाता भाई, बहनों, माताओं बड़े बुजुर्गो के आशिर्वाद से ही यह संभव हो पायेगा। मैं गांव का मुखिया नहीं,सेवाकारी बनकर गांव के विकास के लिए काम करना चाहती हूं।आप सभी ग्राम पंचायत वासियों के सहयोग से आदर्श ग्राम पंचायत बनायेंगे। नामांकन दाखिल करने के समय गांव से भारी संख्या में मातायें, बहनें युवा साथी उपस्थित रहे।

## बिलासिनी दिनेश सेठ ने सरपंच पद के लिए किया नामांकन दाखिल



**बसना ( समय दर्शन )।** जनपद पंचायत बसना अंतर्गत ग्राम पंचायत परसकोल सरपंच पद सामान्य महिला हेतु आरक्षित है। ग्राम पंचायत के चहुंमुखी विकास का सपना एवं गांव हर गरीब मजदूर के हाथों में रोजगार दिये जाने के उद्देश्य को लेकर ग्राम पंचायत परसकोल पद के लिए अपने समर्थकों व ग्रामीणों के सहयोग से गर्मजोशी के साथ नामांकन दाखिल किया।

नामांकन दाखिल करने के पश्चात् मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि बिलासिनी सेठ ने कहा कि विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ के उद्देश्य को लेकर विकसित गांव मेरा सपना है। पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर मैं संकल्पित हूं। गांव के सभी मतदाता भाई, बहनों, माताओं बड़े बुजुर्गो के आशिर्वाद से ही यह संभव हो पायेगा। मैं गांव का मुखिया नहीं,सेवाकारी बनकर गांव के विकास के लिए काम करना चाहती हूं।

नामांकन दाखिल करने समय दिनेश सेठ,कार्तिक लाल पोर्ते,मोहन यादव, दसिया यादव,सहनी यादव, करूणा साहू,मनबोध साहू,नरेश साहू, अमृत साहू, संतराम यादव, महिपाल सिंह जगत,कमल साहू, कैलाश सेठ,पंच प्रत्याशी सुशिला सिदार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## आबकारी वृत्त सरिया ने 230 लीटर अवैध शराब जप्त की



**सारंगढ़ बिलाईगढ़ ( समय दर्शन )** ओडिशा बॉर्डर नाला के पास ग्राम अमुर्रा-रुचिदा कच्ची मार्ग पर ओडिशा राज्य निर्मित जहाज छाप महुआ शराब अज्ञात व्यक्ति द्वारा छुपा कर रखा गया था है, जिसे आबकारी वृत्त सरिया ने दो प्लास्टिक बोरियों में क्रमश: 600 एवं 550 नग पाउच में (प्रत्येक में भरा 200-200 मिलीलीटर) कुल 230 लीटर अवैध कच्ची शराब लावारिस हालत में बरामद किया है,जिसके विरुद्ध आबकारी प्रकरण की कार्यवाही की गई है।

# रामदेव बाबा का माघ मेला आज से, देशभर से जुटेंगे श्रद्धालु

■ जम्मा जागरण व भजनों की मचेगी धूम

**दुर्ग (समय दर्शन)।** पुलगांव नाका स्थित प्रसिद्ध श्री रामदेव बाबा दरबार में बाबा का माघ मेला धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। 30 जनवरी से 7 फरवरी तक आयोजित माघ मेला में प्रतिदिन जम्मा जागरण व भजनों की धूम मचेगी, वहीं श्रद्धालुओं को परचो का लाभ भी मिलेगा। यह माघ मेला चालीसगांव (महाराष्ट्र) के गुरुदेव सोहनलाल बापजी की शिष्या भक्तमाता शांतादेवी बापजी के सानिध्य में आयोजित किया गया है। मेला के अंतिम दिन 7 फरवरी को सुबह 10 बजे से महाआरती व हवन पूजन उपरांत भंडारा का आयोजन किया गया है। माघ मेला में छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य प्रदेशों से श्रद्धालु जुटे हैं।

उक्तआशय की जानकारी देते हुए श्री रामदेव बाबा दरबार समिति के प्रमुख रमेश कुमार जैन व सदस्य पायल जैन ने बताया कि श्री रामदेव बाबा का माघ मेला दरबार में प्रतिवर्ष



आयोजित किया जाता है। मेला की शुरुआत 30 जनवरी से होगी।


9 दिवसीय माघ मेला में पहले दिन से आठवे दिन तक देश के अलग-अलग राज्यों के प्रसिद्ध भजन गायको द्वारा जम्मा जागरण व भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। जम्मा जागरण व भजन की प्रस्तुति प्रतिदिन रात्रि 10 बजे से शुरू होगी। जिसके अंतर्गत 30 जनवरी को भजन गायक गौरव बजाज दुर्ग द्वारा श्री रामदेव बाबा के जन्मोत्सव व जम्मा जागरण की प्रस्तुति, 31 जनवरी को कल्पेश वैष्णव नाथद्वार राजस्थान, 1 फरवरी को दीपेश पवार जोधपुर राजस्थान, 2 फरवरी को जितेंद्र प्रजापति बाड़मेर राजस्थान, 3 फरवरी को यश जैन उज्जैन मध्यप्रदेश, 4 फरवरी को पंडित सूरज व्यास कोलकाता, 5 फरवरी को आशीष सोनी दुर्ग एवं 6 फरवरी को गौरव बजाज दुर्ग द्वारा जम्मा जागरण व भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। श्री रामदेव बाबा दरबार समिति के प्रमुख रमेश कुमार जैन ने श्रद्धालुओं से माघ मेला में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

# रायल किड्स के खिलाड़ियों ने जिले का नाम किया रौशन, सम्पत अग्रवाल ने दी बधाई

**बसना ( समय दर्शन )।** विशाखापत्तनम में आयोजित इंटनेशनल कराटे चेम्पियनशिप में रॉयल किड्स स्कूल के 7 बच्चे करेंगे शिरकत। एक और दो फरवरी को कार्यक्रम राजीव गांधी-ष्ट पोर्ट स्टेडियम विशाखापटनम (आंध्रप्रदेश) में आयोजित की जा रही है। जिसमे खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय प्लेटफार्म के माध्यम से उनकी खेल प्रतिभा को निखारने का अवसर प्राप्त हो रहा हैं साथ ही सात समुंदर पार श्रीलंका, थाईलैंड, भूटान, नेपाल, बंग्लादेश जैसे देशों के खिलाड़ियों के कला कौशल से परिचित होने का यह सुनहरा अवसर भी है।

गौरतलब है कि आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री के चन्द्रबाबू नायडू, फ़िल्म अभिनेता सुमन तलवार सहित देश विदेश के जनप्रतिनिधि शामिल हुए ।

गौरतलब है कि आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री के चन्द्रबाबू नायडू, फ़िल्म अभिनेता सुमन तलवार सहित देश विदेश के मार्शल आर्टिस्ट कार्यक्रम में उपस्थिति होंगे। इस कराटे महाकुंभ में रॉयल किड्स स्कूल से कोच श्रीजेता बाजपेई की टीम, खेल टीचर दिलीप निषाद, खिलाडी हर्षित वर्मा, सक्षम सिन्हा, आदित्य प्रधान, राजवीर साहू, मोक्षा माहि




साहू, आभास प्रधान, शौर्य पटेल, आदित्य पटेल जैसे होनहार छात्र छात्राओं के महासमुंद जिले से चयन हुआ है। इसके अलावा आयोजित कार्यक्रम में शिहान वरुण पाण्डेय सेक्रेटरी जनरल स्य-ढ्ढह्रष्ठ्ढ एवं

वीरेंदर डडसेना नेशनल कोच रेफ़ी के साथ पूरी टीम अपने भारत देश का गौरव बढ़ाने छत्तीसगढ़ से 31 को रवाना होंगे।

बता दें कि रॉयल किड्स स्कूल के शिक्षकों और खिलाड़ियों को इस उपलब्धि के लिए बसना विधायक सम्पत अग्रवाल ने स्कूल के प्राचार्य और शिक्षकों को बधाई दी और क्षेत्र का नाम रौशन करने वाले खिलाड़ियों को अग्रिम बधाई देते हुए उत्साह वर्धन किया। स्कूल की प्राचार्या सुरेखा अवस्थी, एच ओ डी मोहम्मद सिराज, सह सभी शिक्षक शिक्षीकाओं ने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद देकर उनका भविष्य के लिए आशीर्वाद देकर उनका साहस बढ़ाया पुरे रॉयल परिवार मे हर्ष की लहर है। बच्चों के इंटरनेशनल कराते मे प्रतिभागी होने पर सभी को बधाई दी गई है।

# सुमित सम्पत अग्रवाल के द्वारा जिला पंचायत चुनाव का नामांकन पत्र खरीदते ही क्षेत्र में बढ़ी राजनीतिक हलचल

■ सुमित अग्रवाल के चुनाव को लेकर युवाओं मे काफी उत्साह

**बसना ( समय दर्शन )।** बीते दिन जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 से सुमित सम्पत अग्रवाल के द्वारा अपना नामांकन पत्र खरीदते ही क्षेत्र मे राजनीतिक हलचल तेज हो गयी है।

क्षेत्र के युवाओं की टीम सुमित अग्रवाल के पक्ष मे प्रचार करने बेताब दिखाई दे रहे हैं ।

सुमित अग्रवाल बसना विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल के ज्येष्ठ पुत्र हैं जो बसना नगर पंचायत के उपाध्यक्ष के रूप में अपना सुनहरा कार्यकाल निभा चुके हैं। सुमित अग्रवाल भारतीय जनता पार्टी से लंबे समय से जुड़े हुए हैं। पार्टी के लिए उन्होंने न केवल बसना नगर बल्कि पूरे क्षेत्र में अपनी प्रभावशाली पहचान बनाई है। उनकी साफछवि और जनता के बीच जुड़ाव को देखते हुए माना जा रहा है कि यह चुनाव उनके लिए एक अहम पड़ाव साबित हो सकता है।



सुमित अग्रवाल ने नामांकन पत्र खरीदने के बाद मीडिया से बात करते हुए उन्होने कहा कि, वे अपने क्षेत्र की जनता के लिए बेहतर और हर वर्ग के कल्याण व सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने मोदी जी के सपनों को पूरा करने एवं अपने पिता डॉ.सम्पत अग्रवाल के मार्गदर्शन को अपना प्रेरणा स्त्रोत बताया और कहा कि, उनकी प्राथमिकता क्षेत्र की समस्याओं का निराकरण और विकास को गति देना है।

# बिटिया परी के जन्मदिन को यादगार बनाने पापा हर साल आयोजित करते है रक्तदान शिविर

■ तनीशी (परी) के 13वें जन्मदिन पर 202 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित, पुलिस अधीक्षक दुर्ग ने भी किया रक्तदान

■ पिता तृपेश शर्मा ने सिकलिंग, थैलेसिमिया बच्चों के नियमित ब्लड की आवश्यकता के लिया लगाया रक्तदान शिविर

**दुर्ग ( समय दर्शन )/** एक पिता का अपनी बेटी को लेकर प्यार ऐसा कि हर साल बिटिया परी के जन्मदिवस को यादगार बनाने और सामाजिक सरोकार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पिता के द्वारा रक्तदान शिविर लगवाया जाता है। सिकलिंग, थैलेसीमिया पीड़ित मरीज-बच्चों को रक्त की नियमित आवश्यकता एवं ईलाज के दौरान रक्त की कमी होने से रक्त का अभाव न हो इसी उद्देश्य से सेवाभवी श्री तृपेश शर्मा की इकलौती पुत्री कु, तनीषी शर्मा (परी) के 13 वां जन्मदिवस 25




जनवरी 2025 को दुर्ग जिला ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आयोजित विशेष रक्तदान शिविर में प्रात: 09 बजे से शाम 06 बजे तक रक्तदान होता रहा। श्री तृपेश के परिवार जनों ने भी रक्तदान किया। मित्रगण, व्यपारी वर्ग, विभागीय अधिकारी व कर्मचारियों को भी रक्तदान के लिये प्रेरित कर रक्तदान करवाया गया। रक्तदान शिविर में समर्पित परिश्रमी सामाजिक समिति 'दिशा' छ.ग. प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, दुर्ग, चेम्बर ऑफ कॉमर्स, श्री जलाराम रिसायकल्स दुर्ग, सेव इंडियन फेमली, नव दृष्टि फाउडेशन, दर्ग भिलाई मोबाईल एसोसिएशन, दुर्ग दवा विक्रेता संघ एवं दुर्ग भिलाई के रक्तदाताओं ने रक्तदान कर कुल 202 यूनिट रक्तदान किया। श्री तृपेश शर्मा प्रतिवर्ष अपनी पुत्री परी के जन्मदिवस 25 जनवरी रक्तदान शिविर का आयोजन करते आ रहे हैं, विगत वर्ष 25 जनवरी 2021 को 110 यूनिट, वर्ष 2022 को 101 यूनिट, वर्ष 2023 को 147 यूनिट, वर्ष 2024 को 213 यूनिट एवं वर्ष 2025 को 202 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर में 19 रक्तदाताओं ने अपने जीवन का प्रथम रक्तदान, 04 जोड़े पति-पत्नी, 03 जोड़े पिता-पुत्र ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं को उत्साहित कर प्रमाण पत्र वितरित किये गए। रक्तदाताओं ने पुत्री तनीषी को जन्मदिवस पर दीर्घायु की कामना से शुभआशीषे दी।

आयोजित शिविर में पुलिस अधीक्षक दुर्ग श्री जितेन्द्र शुक्ला (आई.पी.एस.) ने स्वयं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला दुर्ग के समक्ष ब्लड बैंक में रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति रक्तदान को अपना कर्तव्य व समाज के प्रति जिम्मदारी समझें। रक्तदान के दौरान ब्लड बैंक में जमा की गयी रक्त यूनिट मरीजों के जान बचाने के काम आयेगी। उनकी दुआयें सभी रक्तदाताओं और तनीषी को नई उर्जा और ताकत देती रहेगी। इस दौरान विधायक दुर्ग (ग्रामीण) श्री ललित चंद्राकर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला दुर्ग डॉ. मनोज दानी, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक चि. दुर्ग डॉ. हेमंत साहू, डॉ. आर.के. खण्डेलवॉल, आरएमओ डॉ. अखिलेष यादव, डॉ. पियूष श्रीवास्तव मेडिकल ऑफिसर ब्लड बैंक, श्री दिलीप ठाकुर जीवनदीप सदस्य, रेडकॉस चेयरमेन डॉ शरद पाटनकर, रोशन सिंह एवं समस्त ब्लड बैंक कर्मचारी, प्रदेश स्वा.कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष श्री सत्येन्द्र गुप्ता, चेम्बर ऑफ कॉमर्स से श्री पवन बड़जात्या, सुश्री पायल जैन, प्रहलाद रूंगटा, मो. अली ईरानी, शिविर में उपस्थित रहें।

# मिडिल स्कूल ठाकुरदिया कला के स्कूली बच्चों ने वाल मैगजीन का किया प्रकाशन



**पिथौरा ( समय दर्शन )।** पिथौरा क्षेत्रान्तर्गत के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ठाकुरदिया कला में अध्ययनरत स्कूली बच्चों ने 29 जनवरी 2025 बुधवार को शिक्षकों के मार्गदर्शन में 9 वें वर्ष की वाल मैगजीन के 13 वें अंक का उत्साह पूर्ण माहौल में प्रकाशन किया। इस वाल मैगजीन में बच्चों ने कई तरह के ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक लेख,कहानी ,गीत ,चित्र,पेंटिग एवं आसपास के समाचारों को शामिल किए हैं। बच्चों की इस नवाचारी एवं सराहनीय पहल की मिडिल स्कूल के हेडमास्टर छबिराम पटेल, शिक्षक मोहित राम पटेल , मुकेश कुमार सिन्हा तथा प्राथमिक विद्यालय की प्रधान पाठिका श्रीमती कुसुम लता कुर्रे, शिक्षक विजय कुमार अनंत, किरण ठाकुर, ज्योति शुक्ला, श्रीमती रोहिणी सिन्हा एवं शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम ठाकुर, उपाध्यक्ष तिलक राम दीवान,वरिष्ठ सदस्य मनोज दीवान,भानूराम ठाकुर ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।

# नगर निगम दुर्ग अंतर्गत संवीक्षा के दौरान 285 नामांकन पत्रों में से 281 विधिमान्य पाये गये

■ नगरीय निकाय निर्वाचन-2025 : महापौर के दोनों प्रत्याशियों का नामांकन विधिमान्य

■ नगर पालिका एवं नगर पंचायत में अध्यक्ष/पार्षदों का सभी नामांकन विधिमान्य

■ 04 अभ्यर्थियों का नामांकन खारिज

**दुर्ग ( समय दर्शन )/** जिले में नगरीय निकाय निर्वाचन-2025 अंतर्गत नगर पालिक निगम दुर्ग एवं नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों के महापौर/अध्यक्ष/पार्षद पदों हेतु प्राप्त नामांकनों का आज संवीक्षा की गई। नगर निगम दुर्ग के महापौर पद हेतु अलका बाघमार (भारतीय जनता पार्टी) और प्रेमलता पोषण साहू (इंडियन नेशनल कांग्रेस) का नामांकन विधिमान्य पाया गया। निगम क्षेत्र अंतर्गत 60 वार्डों में पार्षद पद हेतु प्राप्त 285 नामांकनों में से 281 नामांकन विधिमान्य पाये गये हैं।

**वार्ड क्रमांक-13, 16, 19 एवं वार्ड 24 के एक-एक प्रत्याशी का नामांकन अस्वीकृत किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार** - वार्ड क्रमांक -13 से अजित कुमार वैद्य के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में दो नाम निर्देशन पत्र क्रमांक - 4 (1) व (2) प्रस्तुत किया गया है। आपत्तिकर्ता श्री संजय कोहले द्वारा प्रस्तुत आपत्ति की सुनवाई की गई। नगर पालिक निगम निर्वाचन रिटर्निंग अधिकारी के लिए निर्वाचक सदर्शिका (जहां इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन अप्रयुक्त की जाये) 2005 छ.ग. राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रकाशित निर्वाचक संदर्शिका के अध्याय 7 नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की कंडिका 7.4 नाम निर्देशन पत्र अस्वीकृति का आधार के कंडिका 7.4.1.1 अनुसार आवेदक द्वारा किसी पार्षद पद के स्थान के लिए किसी अभ्यर्थी ने एक से अधिक वाडों के लिए नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किया गया है, केवल उसी वार्ड के नाम निर्देशन पत्र/पत्रों की संवीक्षा की जानी चाहिए तथा अन्य वार्डो के लिए प्रस्तुत नाम निर्देशन पत्र सीधे अस्वीकृत कर दिये जाने चाहिए। अतएव उपरोक्त आधार पर अभ्यर्थी का वार्ड 12 में नाम निर्देशन स्वीकृत होने से वार्ड 13 का नाम निर्देशन अस्वीकृत किया गया है।

वार्ड क्रमांक - 16 से संदीप शर्मा के द्वारा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में एक नाम निर्देशन पत्र क्रमांक 9 (1) प्रस्तुत किया गया है। उनके द्वारा प्रस्तुत नाम निर्देशन पत्र व दस्तावेजों के परीक्षण में प्रस्तुत नाम निर्देशन पत्र अपूर्ण, शपथ पत्र नोटरी नहीं कराया गया है, फोटो अप्राप्त है, विधिमान्य नहीं होने से अस्वीकृत किया गया है।

वार्ड क्रमांक - 19 से तारा टंडन के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में एक नाम निर्देशन पत्र (5) / (1) प्रस्तुत किया गया है। उनके द्वारा प्रस्तुत नाम निर्देशन पत्र व दस्तावेजों के परीक्षण उपरांत निर्देशन पत्र के साथ जाति संबंधी प्रमाण पत्र या शपथ पत्र (घोषणा पत्र) दोनों प्रस्तुत नहीं किये जाने से अस्वीकार किया गया है।

वार्ड क्रमांक - 24 से शीतल सरवैया के द्वारा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में एक नाम निर्देशन पत्र (3) / (1) प्रस्तुत किया गया है। उनके द्वारा प्रस्तुत नाम निर्देशन पत्र व दस्तावेजों के परीक्षण उपरांत निर्देशन पत्र विधिमान्य नहीं होने से प्रस्तावक के हस्ताक्षर नहीं होने से अस्वीकृत किया गया है।

नगर पालिक परिषद कुम्हारी में अध्यक्ष पद हेतु सभी 03 नामांकन, अहिवारा में सभी 10 नामांकन, अमलेश्वर में सभी 05 नामांकन विधिमान्य पाये गये हैं। इसी प्रकार नगर पंचायत धमधा में अध्यक्ष पद हेतु सभी 05 नामांकन, पाटन में सभी 06 नामांकन एवं उतई में सभी 06 नामांकन विधिमान्य पाये गये हैं। नगर पालिका परिषद कुम्हारी में पार्षद के सभी 77 नामांकन, अहिवारा में सभी 57 नामांकन, अमलेश्वर में सभी 66 नामांकन विधिमान्य पाये गये हैं। नगर पंचायत धमधा में पार्षद पद हेतु सभी 38 नामांकन, पाटन में सभी 39 नामांकन तथा नगर पंचायत उतई पार्षद के सभी 50 नामांकन विधिमान्य पाये गये हैं। नगर निगम उप चुनाव-2025 अंतर्गत नगर पालिक निगम भिलाई के वार्ड 24 में पार्षद पद हेतु प्राप्त सभी 03 नामांकन, वार्ड 35 में प्राप्त सभी 02 नामांकन विधिमान्य पाये गये हैं। नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा के वार्ड 32 में पार्षद पद हेतु प्राप्त 02 नामांकन विधिमान्य पाये गये हैं।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ), पिन-491111 से मुद्रित कर 65/1920, परशुराम नगर प्रोफेसर कालोनी, रायपुर ( छ.ग. ) पिन- 492001 से प्रकाशित। संपादक :- दामोदर राव, फोन नं.-0771-4218364, मो. 9303404360, ईमेल- samaydarshanraipur@gmail.com, RNI: CHHHIN/2018/76878, डाक पंजीयन /रायपुर संभाग/63/2022-24